हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025

उज्जैन में 1.21 करोड़ के नोटों से महादेव का श्रृंगार

## हर साल बढ़ती नोटों की संख्या 4 साल पहले शुरू हुई परंपरा



**उज्जैन।** करीब 52 किमी दूर बड़नगर के प्रसिद्ध परिसर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले के दौरान हर साल मंदिर को सजाया जाता था। इस बार मंदिर को 1 करोड़ 21 लाख रुपए के नोटों से सजाया गया। नोटों की माला, मुकुट और लड़ी बनाकर मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। पिछले साल मंदिर को 51 लाख रुपए से सजाया गया था, लेकिन इस बार भक्तों के उत्साहको देखकर जब चंदा एकत्रित किया गया।

# भारत की 'पहली' हाइड्रोजन ट्रेन 31 मार्च तक पटरियों पर दौड़ेगी, यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन

### क्या हैं खासियतें?

- बेजोड़ पावर कैपेसिटी है: 1,200 हॉर्स पावर
- दुनियाभर में अधिकतर मौजूदा हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेनों में 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच क्षमता वाले इंजन
- ट्रेन फ्यूल सेल्स का इस्तेमाल करके चलेगी, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से बिजली जेनरेट करती है और बाईप्रोडक्ट के रूप में केवल जल वाष्प छोड़ती है, जिससे यह जीरो इमीशन ट्रांसपोर्ट सोल्यूशन बन जाता है।

### चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे, टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाने के लिए तैयार है। जी हां, 31 मार्च तक देश की पहली हाइड्रोजन-ईंधन वाली ट्रेन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस ईको-फ्रेंडली इनोवेशन भारत भी जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के साथ ग्रीन मोबिलिटी में सबसे आगे देशों में शामिल हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने क्लीन एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में 35 हाइड्रोजन ईंधन सेल-बेस्ड ट्रेनों का एक बेड़ा विकसित करने के लिए 2023-24 में 2,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।

अलग खबर




### यह एक अत्याधुनिक परियोजना

वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रैक पर हाइड्रोजन ईंधन सेल के रेट्रोफिटमेंट द्वारा पायलट आधार पर पहली हाइड्रोजन ट्रेन के डेवलपमेंट के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना शुरू की है। यह मौजूदा वक्त में दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन होगी। यह दुनिया की सबसे ज्यादा पावर वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी।

### नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर डाला है कि इन ट्रेनों के लिए स्पेसिफिकेशन्स को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित किया गया था ताकि यह यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक पूरी तरह से भारत में निर्मित है। चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही है। और एक बार निर्मार्ण पूरा होने के बाद यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर करीब 89किमी की दूरी कवर करते हुए नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी।

## खबर संक्षेप


### खदान का हिस्सा धंसा श्रमिक दबे, 3 की मौत

**बैतूल।** जिले में डब्ल्यूसीएल के कोयला खदान में बड़ा हादसा हुआ है। यहां खदान के एक फेज का स्लैब गिरने से कई मजदूर मलबे में दब गए हैं। हादसे के बाद खदान की रेस्क्यू टीम, एसडीआरएफ और पुलिस दल मौके पर मौजूद है। बचाव दल खदान के अंदर है और मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास जारी है। अब तक तीन मजदूरों के मौत की पुष्टि हुई है। ये हादसा बड़ा है और पहले इस तरह के हादसों में मजदूरों की मौत हो चुकी है। बैतूल एसपी निश्चल झारिया ने घटना की पुष्टि की है और एसपी खुद भी छतरपुर-1 खदान पहुंच गए हैं।



### केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत पहली कक्षा, बालवाटिका एक व तीन में प्रवेश के लिए आज यानी सात मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अंतिम तारीख 21 मार्च होगी। कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह वर्ष और बालवाटिका एक में प्रवेश की उम्र तीन से चार वर्ष की होगी।




### साहित्योत्सव दिल्ली में आज से 12 मार्च तक

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी का वार्षिक वार्षिक साहित्योत्सव (फ़ेस्टिवल ऑफ़ लेटर्स 2025) राजधानी में आज यानी 7 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। 12 मार्च तक आयोजित साहित्योत्सव में 50 से अधिक भाषाओं के लगभग 700 लेखक शामिल होंगे। यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की गुरुवार को दी। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह जानकारी दी।



### ट्रक और कार में टक्कर, 5 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। घटना उमरिया के मयूर कॉलेज के पास हुआ। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।



16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ हुई बैठक में सीएम डॉ. यादव ने कहा

# केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए

सीएम ने राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकताओं को भी पृथक से रेखांकित किया

◆ सीएम ने राज्य सरकार की ओर से वित्त आयोग को मेमोरेंडम की प्रति भी सौंपी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और वित्तीय सहयोग की जरूरतों का विस्तार से उल्लेख किया गया

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत का निर्माण विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य मजबूत होगा और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर में 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ हुई बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी हैं। सबके कल्याण के जरिए एक समता मूलक समाज और लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केंद्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केंद्र व राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सहयोग से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

बिना मप्र के नहीं हो सकता विकसित भारत का निर्माण



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव चर्चा करते हुए

### पांच साल में दोगुना करेंगे बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे। मप्र देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से कहा कि मप्र नदियों का मायका है और इसीलिए हम नदियों को जोड़कर जल बंटवारे के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना में हमने राजस्थान के साथ मिलकर काम किया। इसी तरह केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए हम उत्तरप्रदेश सरकार के साथ आगे बढ़े हैं। अब हम महाराष्ट्र सरकार के साथ ताप्ती नदी परियोजना पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी 18 नई औद्योगिक नीतियों के कारण निवेशक भी हमसे जुड़ रहे हैं। आरआईसी और जीआईएस के जरिए प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

*16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा...*

### मप्र के फ्यूचर के लिए तैयार किया रोड मैप

मध्यप्रदेश भारता का बीसवां राज्य है, जहां आयोग ने विजिट कर सुझाव लिए हैं। अनुदान को लेकर कई मामलों में सुझाव आए हैं। राज्य सरकार से भी कई प्रस्ताव मिले हैं, जिसको लेकर काफी प्रजेंटेशन सामने आए हैं। जिसमें पता लगता है कि 15 साल में कृषि और दूसरे सेक्टरों ने मध्यप्रदेश ने कैसे छलांग लगाई है। यह जानकारी गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन सेंटर में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि फ्यूचर के लिए रोड मैप को तैयार किया गया है। जो इकोनॉमी डेवलपमेंट पर फोकस है। विकसित मध्यप्रदेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से इंडस्ट्रियल सेक्टर में बढ़ोतरी होगी। वर्टिकल डिवोल्यूशन को लेकर सरकार ने सिफारिश की है। आयोग ने इसे देखा है। प्रदेश में सेस और सरचार्ज को 10 प्रतिशत ही रखा गया है। पत्रकारों ने जब अरविंद पनगढ़िया से फ्री बीज को लेकर सवाल किया तो पहले तो उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का बताकर कहने से मना कर दिया, लेकिन जब उनसे यह पूछा गया कि अधिकांश राज्य सरकारें फ्री-बीज स्कीम को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि फ्री बीज स्कीम को लेकर आयोग ने अभी तक कोई अनुशंसा तय नहीं की है। आयोग के सभी सदस्यों की टीम जब अंतिम निर्णय लेगी तभी कुछ कहा जा सकता है।

**दागदार वर्दी : ऐशबाग कॉल सेंटर कांड**

## टीआई, पुलिसकर्मी के साथ बिचौलिए पार्षद अंशुल जैन पर भी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- जो 5 लाख दिए, वह रिश्वत की दूसरी किस्त थी
- भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज

साइबर ठगी के संचालित हो रहे कॉल सेंटर पर मेहरबानी करने वाले ऐशबाग थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र सिंह और एएसआई पवन रघुवंशी के साथ भाजपा पार्षद अंशुल जैन पर भ्रष्टाचार अधिनियम की धारओं में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एएसआई पवन रघुवंशी के रंगे हाथ रिश्वत लेने के बाद की गई। अधिकारियों को पता चला कि टीकमगढ़ से पवन रघुवंशी को रिश्वत के पैसे देने के लिए अंशुल जैन भोपाल पहुंचा था। वह भाजपा का पार्षद है। उसने कॉल सेंटर संचालक अफजल के साले मुवीन का नाम हटाने पांच लाख रुपए की रिश्वत दी थी। अंशुल जैन टीकमगढ़ से निर्दलीय पार्षद का चुनाव लड़ने के बाद भाजपा में शामिल हो गया था। अंशुल जैन किसी बड़े नेता के लिए काम कर रहा है। अब जल्द अंशुल जैन से पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा कि वह किसके लिए काम कर रहा था?



### टीआई गढ़वाल व एएसआई रघुवंशी की तलाश

एएसआई पवन रघुवंशी को अंशुल जैन से पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोचा गया था। बावजूद इसके पवन रघुवंशी को गिरफ्तार नहीं किया गया। पूछताछ में एएसआई पवन रघुवंशी ने बताया था कि थाना प्रभारी के कहने पर उसने पैसे लिए थे जिसेक बाद थाना प्रभारी पर मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब दोनों में से कोई भी पुलिस हिरासत में नहीं है। यह भी बताया जा रहा है कि एएसआई पवन रघुवंशी पुलिस हिरासत से फरार हुआ है। अब दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के आलाधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है।

### लोकायुक्त को नहीं दिया जाएगा प्रकरण

भ्रष्टाचार अधिनियम में प्रकरण दर्ज होने के कारण प्रकरण लोकायुक्त हस्तांतरित किए जाने का अंदेशा था, लेकिन इस मामले की जांच भोपाल पुलिस ही करेगी। भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत यदि पुलिस जांच करती है तो डीसीपी या एडिशनल डीसीपी रैंक के अधिकारी द्वारा जांच की जाएंगी। भ्रष्टाचार अधिनियम की जिन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है, उनसे टीआई, आरोपी पुलिसकर्मियों समेत अंशुल जैन की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है।

**महाकुंभ में तबाही की थी साजिश**



## बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लजर मसीह गिरफ्तार

इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर एसटीएफ के होश उड़ गए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आंतकी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि महाकुंभ में तबाही की योजना थी। इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर टीम के होश उड़ गए। यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है।

### ◆ फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था

*इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, 13 एसएंडबी विदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था। पूछताछ में पता चला कि आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है। वह आर्म्स हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार में इसे चोट लग गई थी। इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल, अमृतसर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था।*

**मुंबई और उज्जैन के दो ठगों ने बनाया शिकार**




## 11 करोड़ का लालच देकर इंदौर में डॉक्टर से 50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के रावजी बाजार में पुलिस ने एक डॉक्टर से धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने निवेश के नाम पर डॉक्टर को 11 करोड़ रुपए का लालच देकर ठग लिया।

पुलिस इस मामले में मुंबई और उज्जैन के आरोपियों की तलाश कर रही है। रावजी बाजार पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण कुमार मते (निवासी बी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड) की शिकायत पर अंशुमन त्रिपाठी (निवासी सरजू अपार्टमेंट, कलिना मिलिट्री कैंप, मथुरादास कॉलोनी, मुंबई) और अभिषेक चौरसिया (निवासी महावीर नगर, उज्जैन) के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर प्रवीण की पहचान फरवरी 2024 में अंशुमन त्रिपाठी से हुई थी। उसने खुद को पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस का एडवाइजर बताते हुए शेयर मार्केटमें निवेश का झांसा दिया।

*क्रूड ऑयल और कॉपर में निवेश का दिया झांसा*

### किस्तों में ट्रांसफर किए 50 लाख रुपए

डॉक्टर ने एक बार में 18 लाख रुपए नकद मंगवाकर अभिषेक को भेजे गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति से 5 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग तरीकों से डॉक्टर से पैसे लेना जारी रखा। धीरे-धीरे डॉक्टर से कुल 50 लाख रुपए ठग लिए गए।

**मप्र समेत 6 राज्यों का वांटेड तामराज गिरफ्तार**

## आसाराम और नारायण साईं का अनुयायी 10 साल से था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ धर्म परिवर्तन कर बन गया थी स्टीफन

गुजरात पुलिस ने 10 साल से फरार ताम्रध्वज उर्फ तामराज को गिरफ्तार कर लिया। ताम्रध्वज रेप के दोषी आसाराम और उनके बेटे नारायण साईं का कट्टर अनुयायी है। वह आसाराम के खिलाफ आवाज उठाने वाले कई लोगों की हत्या और जानलेवा हमलों के मामले में 6 राज्यों में वांटेड था। इतना ही नहीं, उस पर हरियाणा सरकार ने 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा है। तामराज ने जेल में आसाराम और नारायण साईं से मिलने की भी कई बार कोशिश की, लेकिन हर बार नाकाम रहा। देशभर में आसाराम और नारायण साईं के खिलाफ दर्ज बलात्कार और मारपीट के मामलों में गवाहों पर तेजाब फेंकने, जानलेवा हमला करने और हत्या करने के मामले में शामिल ताम्रध्वज उर्फ तामराज उर्फ राज उर्फ स्टीफन (37) को सूरत शहर की क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर से गिरफ्तार किया है।





भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा

# मराठी महाराष्ट्र की भाषा, उसे सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के नेता भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में जमकर हंगामा मचा। बवाल अधिक बढ़ने पर 5 मिनट तक सदन को स्थगित करना पड़ा। सीएम फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई और पूरे महाराष्ट्र की भाषा है।

मराठी को महाराष्ट्र में सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा। यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से मराठी भाषा का सम्मान करने और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने बयान पर सदन को किया आश्वस्त

बोले सीएम यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग

## मराठी सीखना हर नागरिक का कर्तव्य



सीएम फडणवीस ने कहा कि मुंबई, महाराष्ट्र और राज्य सरकार की भाषा मराठी है। यहां रहने वाले लोगों को इसे सीखना चाहिए। मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है। इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस बयान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं के बीच तीखी बहस हुई।

### आदित्य ने भाजपा पर साधा निशाना

जोशी के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह संभव नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा



मराठी ही रहेगी। उन्होंने कहा कि बाहर से लोग हमारे प्रदेश में आते हैं और यहां बस जाते हैं। यहां की भाषा मराठी है जैसे तमिलनाडु की तमिल और कर्नाटक की कन्नड़। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करने की है। सुरेश भैया जी ने कहा कि घाटकोपर में भाषा गुजराती हो सकती है, मगर यह बिल्कुल संभव नहीं है।

भैयाजी जोशी की सफाई

### मेरे बयान पर लोगों को गलतफहमी हुई



आरएसएस के पदाधिकारी सुरेश भैयाजी जोशी ने मराठी भाषा को लेकर हुए विवाद के बाद अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा मराठी मेरी मातृभाषा है और मुझे इस पर गर्व है। मुंबई के एक उपनगर में एक कार्यक्रम में मेरे कहे हुए वक्तव्य को लेकर गलतफहमी हुई है। ऐसा मुझे लगता है। ये सवाल ही नहीं उठता है कि मुंबई की भाषा मराठी नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और मुंबई महाराष्ट्र में है तो स्वाभाविक तौर पर मुंबई की भाषा मराठी है। भारत में विविध भाषाएं बोली जाती है। मुंबई में भी विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले लोग रहते हैं। स्वाभाविक तौर पर यह अपेक्षा रहती है कि वे लोग भी मुंबई में रहकर मराठी सीखें। जोशी की टिप्पणी की विपक्षी शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की थी।

**एक कार्यक्रम में दिया था यह बयान**

जोशी ने बुधवार को कहा था कि मुंबई में कोई एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अलग-अलग भाषा है। घाटकोपर इलाके की भाषा गुजराती है। इसलिए अगर आप मुंबई में रहते हैं, तो यह जरूरी नहीं है कि आपको मराठी सीखनी पड़े। उनके इस बयान पर विपक्षी दलों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### गठबंधन की सरकार में बिहार में शराब बिकेगी

**पटना।** इस वक्त बिहार से बड़ी खबर है। कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने बिहार में शराबबंदी पर बड़ा



बयान दिया है। दास ने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी तो फिर से शराब की बिक्री शुरू होगी। दास ने कहा कि जैसे ठेका से शराब की बिक्री पहले होती थी, फिर से वैसे ही शराब की बिक्री होगी। कांग्रेस महागठबंधन में आरजेडी की सहायक है।

### देहरादून में सील किए गए 11 मदरसे

**देहरादून।** प्रशासन द्वारा 28 फरवरी को जारी किए गए ऑर्डर के बाद प्रशासन ने जिले में 11 मदरसे सील



कर दिए गए हैं। इन मदरसों को सील किए जाने की वजह राज्य मदरसा बोर्ड या शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होना बताया गया है। जनवरी में लोकल बॉडी इलेक्शन से पहले राज्य सरकार ने सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी पर कार्रवाई की गई है।

### उदयनिधि पर नई प्राथमिकी नहीं होगी दर्ज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी राहत



मिली है। कोर्ट ने ने निर्देश दिया कि उदयनिधि के सनातन धर्म संबंधी कथित बयान के लिए उनके खिलाफ बिना अनुमति के कोई नई प्राथमिकी नहीं दर्ज की जाएगी। स्टालिन को बलपूर्वक कार्रवाई से संरक्षण देने वाले अंतरिम आदेश की अवधि को भी बढ़ा दिया है।

### इलाहाबादिया और अपूर्वा के बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले की जांच जारी है। रणवीर



इलाहाबादिया और अपूर्वा माखीजा ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग' में बयान दर्ज कराए। रणवीर और अपूर्वा मुखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट के दो प्रोड्यूसर्स सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी के साथ पहुंचे। आशीष चंचलानी के वकील आयोग में पेश हुए।

### मरांडी बने झारखंड में नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** भाजपा ने गुरुवार को धनवारसीट से विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में



अपने विधायक दल का नेता नियुक्त किया। रांची में एक बैठक के दौरान, मरांडी, जो राज्य भाजपा अध्यक्ष भी हैं, को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मरांडी ने एक पोस्ट में पीएम मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह का आभार माना है।

पीएम मोदी ने जनसभा में देवभूमि को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बताया

# 'इसे' चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद मिला, कॉर्पोरेट मीटिंग-डेस्टिनेशन वेडिंग करें



एजेंसी ▶▶ देवभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के दौरे परएक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने कहा कि मैंने काशी में कहा था की मां गंगा ने बुलाया है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने अपील कि कि कॉर्पोरेट मीटिंग और डेस्टिनेशन वेडिंग देवभूमि में करें।मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है। मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे ये भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। ये मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं। उत्तराखंड की ये देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं।

"मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया, उन्हीं के आशीर्वाद से काशी और यहां पहुंचा, मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला

आज उनके मायके मुखवा गांव आकर धन्य हुआ

गंगा का यह शीतकालीन गद्दी स्थल




### साधु-संत एक योग कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं

पीएम मोदी ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत के लोग अपनी मीटिंग उत्तराखंड में करें। डेस्टिनेशन वेडिंग भी देवभूमि में करें। मैं सभी बड़े-बड़े साधु महात्माओं को, मठ मंदिर के मठाधिपतियों को और योगाचार्यों से आग्रह करूंगा कि वे साल में अपने शिष्यों का एक योगा कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं। विंटर सेशन के लिए स्पेशल वाइल्डलाइफ सफारी का आकर्षण उत्तराखंड की विशेष पहचान बन सकता है।

**केदारनाथ रोपवे से यात्रा होगी सुगम:** केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर पीएम मोदी ने कहा किअ कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके बनने से जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब 30 मिनट में पूरी होगी। इससे बुजुर्गों, बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी।

**गांवों के विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' शुरू किया:** पीएम मोदी ने टूरिज्म का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड के बॉर्डर वाले इलाकों को भी पर्यटन का विशेष लाभ मिले। पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था। लेकिन हमने ये सोच बदल दी, हमने कहा कि ये आखिरी नहीं हमारे प्रथम गांव हैं।

पीएम मोदी का विशेष ऐलान

यहां 356 दिन पर्यटन जरूरी, हर सीजन में टूरिज्म ऑन

### सीएम धामी की सराहना की

पीएम मोदी ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड के आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने इस



अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी बनाया।

### धार्मिक यात्रा के लिए यह खास

उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं। यहां मुखवा गांव में ही जो अनुष्ठान किया जाता है, वो हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है।


**उत्तराखंड में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे :**पहले चार धाम यात्रा पर प्रतिवर्ष 18 लाख यात्री ही आते थे, अब 50 लाख से अधिक यात्री आ रहे हैं। 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित हो रहे।

### 1962 के युद्ध में खाली हो चुके माणा और जादुंग गांवों को फिर से बसाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान खाली कराए गए गांवों के पुनर्वास के लिए एक अभियान शुरू किया है। हर्षिल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1962 में युद्ध के दौरान उत्तरकाशी जिले के दो गांवों, माणा और जादुंग, को खाली करा लिया गया था और सरकार उन्हें प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

दूरसंचार की सिम कार्ड पर चेतावनी

# दुरुपयोग किया तो होगी जेल, 50 लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हाल ही में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की है और इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए कई पहल शुरू की हैं। धोखेबाज विभिन्न तरीकों का उपयोग कर इन संसाधनों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्सर अपराधी धोखे या पहचान छिपाकर सिम कार्ड और एसएमएस हेडर जैसी टेलीकॉम पहचान प्राप्त कर रहे हैं और इसके माध्यम से जनता को बड़े पैमाने पर फर्जी संदेश भेज रहे हैं।

### दूरसंचार विभाग का अलर्ट

- विभाग ने इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ गंभीर उल्लंघन बताया है।
- विभाग ने कहा कि टेलीकॉम पहचान छेड़छाड़ करना प्रतिबंधित है।
- किसी भी व्यक्ति को धोखाधड़ी से सिम कार्ड या दूरसंचार पहचान प्राप्त करने की मनाही है।
- यह अपराध गंभीर और गैर-जमानती (नॉन-बेलेबल) माना गया है, जिसे दंडनीय बनाया गया है।
- अपराधियों को 3साल तक की कैद, 50 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।
- जो लोग इन अपराधों में सहायता करते हैं, उन पर भी समान दंड लागू होगा।

### धोखाधड़ी से बचें

यह भी सामने आया है कि कुछ लोग अपने नाम पर सिम कार्ड लेकर दूसरों को इस्तेमाल के लिए दे रहे हैं। कई मामलों में इन सिम कार्डों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी में किया जाता है, जिससे असली सिम कार्ड धारक भी अपराध में संलिप्त माने जा सकते हैं। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों, धोखाधड़ी या पहचान की नकल (इम्पर्सोनेशन) द्वारा सिम कार्ड प्राप्त करने के मामले भी सामने आए हैं, जो टेलीकम्युनिकेशन अधिनियम, 2023 का उल्लंघन है।

### साइबर अपराधी कई तरह के संदेश भेज रहे

कुछ मामलों में पॉइंट ऑफ सेल केंद्रों ने भी इन फर्जी सिम कार्डों की खरीद-फरोख्त में भूमिका निभाई है, जिससे वे भी इस अपराध में भागीदार बन जाते हैं। इसके अलावा अपराधी आईपी एड्रेस, आईएमईआई नंबर (मोबाइल उपकरण की पहचान करने वाला नंबर) और एसएमएस हेडर में बदलाव कर धोखाधड़ी भरे संदेश भेज रहे हैं।

राजस्थान का विजयनगर ब्लैकमेल कांड

# एसपी को दी एसआईटी की जिम्मेदारी गहन विश्लेषण और व्यापक जांच होगी

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान के बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। अजमेर रेंज के डीआईजी के निर्देशन में एसआईटी का गठन किया गया है। इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) नेमसिंह करेंगे। टीम में अतिरिक्त एसपी भूपेंद्र शर्मा, मसूदा सीओ (सर्किल ऑफिसर) सज्जन सिंह, सीआई (सर्किल इंस्पेक्टर) विद्या मीना, बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह और एसआई पारुल यादव भी शामिल हैं। नेम सिंह ने बताया कि टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। जांच में किसी भी तरह की कमी को दूर करेगी। पीड़ितों और उनके परिवारों से बात करेंगे। साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर उसकी व्यापक जांच सुनिश्चित करेंगे।

पीड़िताओं ने ब्रह्मा को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई



**अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिगों को सुधार गृह भेजा**

अब तक मामले में कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी अमन स्कूली लड़कियों से दोस्ती करता था और आरोपियों से उनकी मुलाकात करवाता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## हिमाचल में बर्फबारी से 233 सड़कें बंद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनो से बर्फबारी का दौर जारी है। पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया है। 233 सड़कें बंद हो गई हैं। होटल बुकिंग में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, वाहन फिसलने की घटनाओं के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है।

राजस्थान के सिरोही में बड़ा हादसा

# कार और ट्रॉले की टक्कर में पति पत्नी और बेटे समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ सिरोही

राजस्थान के सिरोही जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-27 पर एक कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। हादसे में 6लोगों की मौत हो गई। इनमें दंपती और उनका बेटा भी शामिल हैं। एक महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार सवार सभी लोग राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। सभी गुजरात के अहमदाबाद से जालोर लौट रहे थे, इस दौरान गुरुवार तड़के करीब तीन बजे आबूरोड क्षेत्र के किवरली में कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को



आबूरोड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, 2ने दम तोड़ दिया। एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सिरोही रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से ट्रॉले में फंसी कार को बाहर निकाला और फिर शवों व घायलों को निकालने के लिए क्रेन से कार के दरवाजे तोड़े और उसके अन्य हिस्सों को भी अलग किया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है।

राष्ट्रपति 'नारी शक्ति से विकसित भारत' का करेंगी उद्घाटन

# 'शी बिल्ड भारत' के माध्यम से व्यापक अभियान चल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में होगा आयोजन

अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे

**सशस्त्र, अर्धसैनिक बल और अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### उच्चस्तरीय पैनल 3 तकनीकी सत्र आयोजित करेगा

दिनभर उच्चस्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। 3 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। अग्रणी और प्रखर व्यक्तित्व-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर अतीत को झांकना और आगे बढ़ना इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी। महिला शक्ति का लाभ उठाना, वित्तीय समावेशन उद्यमशीलता पर चर्चा होगी।

टीएमसी सांसद ओ' ब्रायन बोले

# संसद सत्र में हम दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएगी। डेरेक ओ'ब्रायन ने यह बात कही। उन्होंने संसद में असहमति की आवाज को दबाने का भी आरोप लगाया।ब्रायन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कई विपक्षी दलों ने गृह मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा कुछ दिनों (10 मार्च) में शुरू हो रहा है। सत्र के पहले भाग में पिछले



महीने काफी समस्याएं हुईं। इसमें कानून बनाने में सुस्ती, प्रक्रियाओं की अनदेखी और संस्थागत मानदंडों का कमजोर होना शामिल था। इस प्रवृत्ति को लेकर हर नागरिक के लिए चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक संख्या के दो मतदाता पहचान पत्र का मुद्दा संसद के पटल पर रखा जाएगा।

जबलपुर
शुक्रवार, 7 मार्च 2025
■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-8
■ वर्ष : 19, अंक : 302
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

मैट्रो
14 स्कूल शिक्षा विभाग के कड़े निर्देश...



अब ये क्या? रोहित के बाद अब मोहम्मद शमी पर जबरदस्ती का बवाल

## मौलवी बोले- शमी ने रोजा न रखकर गुनाह किया, एनसीपी बोली- खेलों में धर्म न लाएं तो बेहतर, शमी पर देश को गर्व

» क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने मैच की दौरान पी थी एनर्जी ड्रिंक

» एआईआईए के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने रोजा रखने या न रखने को निजी मामला बताया



मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान खेलते वक्त शमी पानी पीते नजर आए थे। तब से ही वे कुछ मौलवियों के निशाने पर हैं।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान रोजा न रखना गुनाह है। इस पर एआईआईए के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने पलटवार किया और रोजा रखने या न रखने को निजी मामला बताया।

अब इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) विधायक रोहित पवार की भी प्रतिक्रिया आई है। इससे पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शमी की कड़ी आलोचना की। पवार ने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अगर मोहम्मद शमी को लगता है कि रोजे की वजह से उनके प्रदर्शन पर थोड़ा भी असर पड़ेगा या कुछ हो गया तो वह कभी सो नहीं पाएंग


### इस्लाम खास परिस्थितियों में देता है रोजे से छूट

मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने बताया कि, इस्लाम में ऐसा नहीं कहा गया है कि अगर आप नेशनल ड्यूटी पर हैं तो भी रोजा रखना ही रखना है। इस्लाम में कहा गया है कि अगर आप सफर कर रहे हैं तो रोजा नहीं भी रख सकते हैं। सफर के बाद जब आप अपने देश या अपने गंतव्य स्थान वापसी कर लें तो जो भी रोज छूट गए हैं उन्हें दोबारा रखा जा सकता है। उन्होंने शमी के खिलाफ हो रही बातों को गलत करार देते हुए कहा कि इस तरह की बात करना गलत है। इस तरह के बयान से खिलाड़ी की मानसिक स्थिति कमजोर हो सकती है। मोहम्मद शमी देश का मन हैं और हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने प्रदर्शन से टीम इंडिया को फाइनल में जीत दिलाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### दिल्ली सरकार सुरक्षा ऑडिट कराएगी



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का साइबर सुरक्षा ऑडिट कराएगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस कवायद का उद्देश्य किसी भी तरह के सुरक्षा चूक और डेटा चोरी को रोकने के लिए जोखिमों का पता लगाना है। उन्होंने बताया कि सरकार 3 साल की परियोजना की तैयारी में है।

#### शहजादी खान को यूएई में दफनाया गया



नई दिल्ली। भारतीय नागरिक शहजादी खान को अबू धाबी में दफनाया गया। शहजादी खान (33) को अबू धाबी में चार महीने के बच्चे की हत्या का दोषी ठहराया गया था और उसे 15 फरवरी को फांसी दी गई थी। शहजादी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गोयरा मुगलई गांव की रहने वाली थी। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की।

#### शराब पार्टी करने घर आए दोस्त ने कर दी हत्या



इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में रात में युवक के साथ आए दोस्त ने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कालानी नगर निवासी सचिन चोपड़ा की हत्या की गई है। वह कपड़े के थान बेचता था। हत्या के आरोपित सचनि के दोस्त की पहचान नहीं हो पाई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। सचिन की पत्नी मालवा मिल स्थित मायके गई थी। वह उससे मिलने के बाद दोस्त के साथ घर आया था।

*पाक ने इस बयान को बेबुनियाद बताते हुए यूएन का रोना भी शुरू कर दिया, उसने कहा कि कश्मीर का मसला यूएन के अंतर्गत*

## पाक में घबराहट: जयशंकर ने कहा पीओके को लेने के बाद कश्मीर समस्या हो जाएगी हल

**पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के लिए स्थानीय विद्रोहों (जैसे बलूच अलगाववादियों) भारत का साथ दे सकते हैं**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन की यात्रा पर गए जयशंकर ने चैथम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कहा था, अनुच्छेद-370 को हटाना पहला कदम था, कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था तथा बहुत अधिक मतदान के साथ चुनाव कराना तीसरा कदम था। विदेश मंत्री ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा था, मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है।

#### उमर बोले-कारगिल युद्ध के वक्त पीओके कब्जाने का अच्छा मौका था

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी वही बात कह डाली। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय पीओके पर कब्जा करने का अच्छा मौका था। केंद्र सरकार को पीओके वापस लेने से किसी ने नहीं रोका है। हमने कारगिल युद्ध के दौरान पीओके वापस ले लिया था। हम फिर से कोशिश करें और इसे वापस लें। हमें इसका वो हिस्सा भी लेना चाहिए, जो चीन ने कब्जा कर रखा है।

*भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा*

■ पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री का बयान जमीनी हकीकत को नहीं दिखाता है

### यह कैसे होगा?

**1. सैन्य कार्रवाई**


2016 और 2019 में जिस तरह भारत ने आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की, ठीक उसी तरह की एयरस्ट्राइक करके भी पीओके को हासिल किया जा सकता है। पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के लिए स्थानीय विद्रोहों (जैसे बलूच अलगाववादियों) भारत का साथ दे सकते हैं।

**2. पाक व पीओके के हालात**

पाकिस्तान में तख्तापलट नई बात नहीं है। वहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। अलगाववादी आंदोलनों (बलूचिस्तान, सिंध, खैबर-पख्तूनख्वा) की वजह से सेना कमजोर होने लगी है। ऐसी स्थिति में अगर कोई आक्रमण होता है तो पाकिस्तान उसे संभाल नहीं पाएगा। संसद के माध्यम से यह घोषित करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया जा सकता है कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है और इसे पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी विकल्पों का पता लगाया जाएगा।

**3. आर्थिक और साइबर हमले**

व्यापार प्रतिबंध और जल संसाधनों तक पहुंच को प्रतिबंधित करके पाकिस्तान की पहले से ही नाजुक अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने से भी पाकिस्तान घुटनों पर आ सकता है और खुद पीओके सौंपने पर मजबूर हो सकता है।



*जयशंकर के सामने आए खालिस्तानी समर्थक*

#### भारतीय ध्वज को फाड़ा गया

विदेश मंत्री एस जयशंकर को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हमले का सामना करना पड़ा। जब वे चैथम हाउस में एक चर्चा सत्र से बाहर निकल रहे थे, तब कुछ चरमपंथी प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। एक वीडियो में दिखा कि एक प्रदर्शनकारी जयशंकर की गाड़ी की तरफ दौड़ा और पुलिस की मौजूदगी में भारतीय ध्वज फाड़ दिया। रिटिश पुलिस वहां मौजूद थी, लेकिन उन्होंने कोई तुरंत कार्रवाई नहीं की।

विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने मोदी की ओर से पुरस्कार किया ग्रहण

## बारबाडोस ने पीएम मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित



■ बाराडोस की प्रधानमंत्री मोटले ने कोविड-19 महामारी की विकट परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैरेबियाई देश बारबाडोस ने कोविड-19 महामारी के दौरान रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पुरस्कार भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया।

आज गुजरात दौरे पर पीएम मोदी

## लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदियों से करेंगे संवाद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे के तहत आज यानि 7 मार्च को गुजरात पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

#### 8 मार्च को नवसारी पहुंचेंगे पीएम मोदी

7 मार्च को जनसभा के बाद पीएम मोदी सूरत में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 8 मार्च को सुबह 10 बजे पीएम मोदी नवसारी पहुंचेंगे। जनसभा से पहले पीएम मोदी लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदियों के साथ अलग से संवाद करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी गुजरात सरकार की सखी साहस योजना की शुरुआत करवाएंगे जिसकी घोषणा गुजरात सरकार ने 20 फरवरी को अपने बजट में की थी।

ओरछा रोड थाना एरिया के पेप्टेक टाउन की घटना

## टीआई कुजूर ने गोली मारकर आत्महत्या की, कारण अज्ञात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर में कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने खुद को गोली मार ली। सूचना मिलते ही डीआईजी, एसपी और एएसपी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मामला छतरपुर शहर के ओरछा रोड थाना एरिया के पेप्टेक टाउन का है। मौके पर छतरपुर विधायक ललित यादव, एसडीएम अखिल राठौर पहुंच गए हैं। घटना की वजह क्या है, यह अब तक अज्ञात है। बंगले के अंदर डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अगम जैन, एएसपी विक्रम सिंह, एसडीएम अखिल राठौर जांच में जुटे हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। खुद को गोली मारने और मौत के कारणों की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है। सभी अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। गोलीकिस रिवाल्वर से मारी है, यह भी अज्ञात है। फिलहाल, आशंका जताई जा रही है कि खुद की सर्विस रिवाल्वर से ही गोली मारी होगी।

### दो हाईप्रोफाइल शादियां

बड़े बेटे कार्तिकेय का संगीत कार्यक्रम

## तुम्हें और क्या दूं मैं.. पत्नी साधना के साथ थिरक उठे शिवराज सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें बड़े बेटे कार्तिकेय के संगीत कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ डांस किया। गाना था-तुम्हें और क्या दूं मैं। फरवरी में भी शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें शिवराज सिंह छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान की हल्दी की रस्म में पत्नी साधना सिंह के साथ जट यमला पगला दिवाना गाने पर डांस करते नजर आए थे।

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या का विवाह

## प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री स्कंदप्रसाद से परिजनों के बीच शादी रचाई



एजेंसी ▶▶ बेंग्लुरू

भाजपा के सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को एक निजी समारोह में कर्नाटक की प्रसिद्ध सिंगर शिवश्री स्कंदप्रसाद से शादी रचाई। यह शादी मीडिया की नजरों से दूर रही। इस शादी में केवल परिवार के करीबी सदस्य और चुनिंदा राजनीतिक सहयोगी ही शामिल हुए। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बाद में उन्होंने इस खुशी के पल को सोशल मीडिया पर शेयर किया। पारंपरिक शादी के बाद सूर्या के गृहनगर बेंगलुरु के गायत्री विहार मैदान में एक भव्य रिसेप्शन होने वाला है। शादी के बाद की रस्मों में 6 मार्च को काशीयात्रा, जेरिगे बेला मुहूर्त और लाजा होम शामिल होंगे।

मंदिरों के बाहर फिर दिखने लगा भिक्षुकों का जमावड़ा

## इंदौर में भीख देने पर अब नहीं दर्ज होगी एफआईआर



**दो जनवरी से 28 फरवरी तक 3 केस ही बने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में अब भिक्षा मांगने और देने वाले पर आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होगा। इसे लेकर दो जनवरी को जारी किया गया कलेक्टर का आदेश 28 फरवरी का समाप्त हो गया है। इसके बाद एक बार फिर भिक्षावृत्ति नजर आने लगी है। शनिवार, मंगलवार आदि विशेष दिनों में मंदिरों के बाहर भिक्षुकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। भिक्षा मुक्त इंदौर अभियान के तीसरे चरण में भिक्षा मांगने और देने वाले आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी किया था। दो जनवरी से 28 फरवरीतक हुई सख्ती में तीन लोगों के खिलाफ भिक्षा देने और लेने पर प्रकरण दर्ज हो चुका है।

मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला के नाम से जानी जाती है यह

**फायर ब्रिगेड ने 30 मिनट में पाया काबू कोई हताहत नहीं**

## ग्वालियर की आदर्श गोशाला लाल टिपारा में लगी भीषण आग, 10000 गोवंशों की जान पर बन आई



ग्वालियर की गोशाला में धधकी आग

◆ शॉर्ट सर्किट की वजह से पराली के तैयार किए गए सोफों में आग लग गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला के नाम से विख्यात ग्वालियर की लाल टिपारा गोशाला में एक बड़ा हादसा हो गया।

हादसा इतना गंभीर था कि यहां रहने वाली 10000 गोवंशों की जान पर बन आई। प्रदेश की सबसे बड़ी गोशाला में आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होना नगर निगम की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। गोशाला संरक्षक संत ऋषभदेव आनंद महाराज ने बताया कि घटना के पहले यहां होली को लेकर एक बैठक चल रही ही थी कि यह हादसा हुआ।

**उधर, इंदौर में टेंट हाउस गोदाम में आग**



## खाली कराई बस्ती, दो लाख लीटर पानी 5 हजार लीटर फोम भी डाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर इलाके में बुधवार रात एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। आग बुझाने के लिए करीब दो लाख लीटर पानी और 5 हजार लीटर फोम डाला गया। रात में ही आसपास की बस्ती खाली कराना पड़ा। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के मुताबिक गोदाम की आग बुझा ली गई है। करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## आज पांचवें बैच की पासिंग आउट परेड

# आईएनएस चिल्का से लगभग 2972 अग्निवीरों ने लिया प्रशिक्षण
# नौसेना में शामिल होकर देश की सेवा करने के लिए सब हैं तैयार

यह पासिंग आउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निवीर योजना के तहत देश की रक्षा के लिए हर साल तीनों सेना में युवा तैयार हो रहे हैं। इसी क्रम में अग्निवीरों के पांचवे बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 7 मार्च 2025 को आईएनएस चिल्का में आयोजित होगी। पीओपी में लगभग 2972 अग्निवीरों के प्रशिक्षण का सफल समापन होगा। खास बात यह है कि अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाले इन युवाओं में महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। सभी अग्निवीरों ने आईएनएस चिल्का में नौसेना के अनुशासन का पालन करते हुए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे और सूर्यास्त के बाद पीओपी का निरीक्षण करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अग्निवीरों के गौरवान्वित परिवार भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, उच्च उपलब्धि वाले दिग्गज और प्रतिष्ठित खेल हस्तियां भी मौजूद रहेंगी, जो अग्निवीरों को उनकी उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा देंगी।

### प्रशिक्षण पूरा करने वालों में महिला अग्निवीर भी शामिल

### प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार से सम्मानित करेंगे



### वरिष्ठ अधिकारी करेंगे अवलोकन

अब इस वर्ष होने जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पास आउट होने वाले अग्निवीरों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया जाएगा। आईएनएस चिल्का में दिए गए प्रशिक्षण में शैक्षणिक एवं सेवा के विभिन्न पहलुओं की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, इस ट्रेनिंग में कर्तव्य, सम्मान एवं साहस के मूल मूल्यों पर आधारित आउटडोर प्रशिक्षण भी शामिल होता है।

### *पीओपी का किया जाएगा सीधा प्रसारण*

*भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और क्षेत्रीय दूरदर्शन नेटवर्क पर पासिंग आउट परेड का 5:30 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले बीते वर्ष आईएनएस चिल्का पर ही अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड हुई थी। बता दें, पासिंग आउट परेड न केवल 16 सप्ताह के प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में उनकी यात्रा का भी प्रतीक है।*

### प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन होगा

वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारी समापन समारोह में शामिल होंगे। वे विभिन्न प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार और ट्रॉफियां से सम्मानित करेंगे। शुक्रवार को ही 'आईएनएस चिल्का' में प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन भी किया जाएगा। यह पासिंग आउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है।

---

## खबर संक्षेप

### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, 4 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को



निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्कंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे।

### अमेरिका में तेलंगाना के छात्र प्रवीण की हत्या

**शिकागो।** तेलंगाना से अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि में पढ़ाई कर रहे 26 वर्षीय भारतीय छात्र जी.



प्रवीण की हत्या के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में हैं। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दुख व्यक्त किया है। दूतावास ने कहा कि वे छात्र के परिवार के संपर्क में हैं और विवि भी उनकी हरसंभव मदद कर रहा है। एक्स पर पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि हम विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि के स्नातकोत्तर छात्र जी प्रवीण की असामायिक मौत से दुखी हैं। दूतावास प्रवीण के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### 19 मार्च को लौट रहे सुनीता और विल्मोर

**वॉशिंगटन।** नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके



साथ अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में 'फंसे' हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। सुनीता ने कहा कि यहां रहने से हमें एक अनूठा दृष्टिकोण मिलता है, न केवल खिड़की से बाहर देखने से, बल्कि समस्याओं को हल करने के तरीके से भी।

### विमान ने गिराए अपने ही देश में बम, 2 लोग गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान गलती से रहवासी इलाके में



एक के बाद एक आठ बम गिराए। इस दौरान 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। वायु सेना ने एक बयान के मुताबिक, केएफ-16 लड़ाकू विमान की ओर से छोड़े गए एमके-82 बम असामान्य रूप से फायरिंग रेंज के बाहर गिरे, जिससे नागरिकों को क्षति हुई। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना क्यों हुई? इसकी जांच करने और नागरिकों को हुए नुकसान की जांच करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

---

ट्रंप को आंख दिखाने का अंजाम!

## जेलेंस्की का तख्तापलट तय! यूक्रेन के विपक्षी नेताओं संग यूएस की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की का कभी भी तख्तापलट हो सकता है। ओवल ऑफिस में हुई बहस के करीब एक हफ्ते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की टीम के कम से कम चार अधिकारियों ने यूक्रेन के विपक्षी नेताओं के साथ बात की है। इस बातचीत में रूस के साथ संबंध को सुधारने पर बातचीत की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि ट्रंप टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यूक्रेनी विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको से बात की है। टिमोशेंको देश की पूर्व पीएम रह चुकी हैं और पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं, जिसमें पहले जेलेंस्की भी थे। ये बातचीत यूक्रेन में तेजी से राष्ट्रपति चुनाव करवाने के इर्द-गिर्द घूमती रही। बता दें, फिलहाल यूक्रेन में मार्शल लॉ लगा हुआ है और मौजूदा हालातों में चुनाव नहीं हो सकते हैं। आलोचकों का कहना है कि अगर युद्ध के हालात में यूक्रेन में चुनाव करवाए जाते हैं तो राजनीतिक अव्यवस्था का निर्माण हो सकता है और इससे रूस को ही फायदा होगा।

### *चुनाव करवाना चाहते हैं ट्रंप*

*डोनाल्ड ट्रंप चुनाव करवाने में हो रही देरी की बार बार आलोचना कर चुके हैं। पिछले साल राष्ट्रपति जेलेंस्की का शासनकाल खत्म हो गया था और उसके बाद से ही रूस लगातार उन्हें यूक्रेन का 'अवैध नेता' कहता आया है। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश का बड़ा हिस्सा अभी भी युद्ध में फंसा हुआ है, देश की एक बड़ी आबादी विस्थापित हो चुकी है, लाखों लोगों को देश से बाहर शरणार्थी के तौर पर रहना पड़ रहा है, लिहाजा क्या ऐसे हालात में निष्पक्ष चुनाव हो पाएंगे? अगर आनन फानन में चुनाव करवाए भी जाते हैं तो जो लोग विस्थापित बनकर देश से बाहर हैं क्या वो वोट डाल पाएंगे? अमेरिका की वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने उन दावों को खारिज कर दिया।*

### यूएस से सहमत नेताओं की तलाश जारी

हालांकि विपक्षी नेता टिमोशेंको और पोरोशेंको, दोनों ने सार्वजनिक रूप से जेलेंस्की की इस बात से सहमति जताई है कि युद्ध के समय में चुनाव नहीं होने चाहिए। फिर भी पोरोशेंको ने ट्रंप की टीम से मुलाकात की है और ट्रंप की टीम यूक्रेन में ऐसे नेताओं को खोजने का काम कर रही है, जिसके साथ काम करना उनके लिए आसान हो। एक रिपब्लिकन नेता ने कहा है कि ऐसे नेताओं की तलाश चल रही है, जो युद्ध में शांति के लिए उन बातों पर सहमत हों जिनपर जेलेंस्की सहमत नहीं हैं।

---

लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# अमेरिकी विदेश नीति से हैरानी नहीं, यूएस डॉलर आर्थिक स्थिरता के लिए बेहद जरूरी

### डॉलर को बदलने के लिए भारत की कोई नीति नहीं



जयशंकर ने कहा कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है। मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए आज जो आवश्यक है, उसका रणनीतिक मूल्यांकन करने के बाद इस बारे में हमारी समझ बेहतर होगी।

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के विदेश मंत्री डॉ. ए. जयशंकर ने लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिका की नई विदेश नीति को लेकर कहा कि मुझे पूरी ईमानदारी से कहना चाहिए कि यह आश्चर्यजनक नहीं है।

**भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है**

अगर आप वास्तव में इस पर नजर रखें और मान लें कि अधिकांश समय राजनेताओं को वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। राजनीतिक दलों के ऐसे नेता जो बड़े वादे करते हैं, ज्यादातर ऐसा करते हैं, लेकिन हमेशा ऐसे वादे सफल नहीं होते। नेताओं को हमेशा वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक सामान्य सिद्धांत के रूप में, आप जानते हैं कि जब राजनीतिक ताकतों या राजनीतिक नेताओं के पास कोई एजेंडा होता है, खासकर कुछ ऐसा हो जिसे उन्होंने काफी लंबे समय में विकसित किया हो और वे बहुत स्पष्ट और भावुक हों। तो उनका रवैया ऐसा ही होता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ हफ़्तों में हमने जो कुछ देखा और सुना है, वह अपेक्षित ही था। बकौल विदेश मंत्री, मुझे थोड़ा आश्चर्य है कि लोग बीते 41 दिनों के घटनाक्रम को लेकर आश्चर्यचकित हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपतियों संग भारत को कभी कोई समस्या नहीं

डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमें अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ कभी कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसा कोई बोझ नहीं है, जिसे हम ढोते हैं या जो संबंधों पर बोझ है। अमेरिकी मुद्रा डॉलर के बदले किसी और मुद्रा में व्यापार की संभावना को लेकर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने साफ किया कि भारत की ऐसी कोई मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है।

### आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना सबकी प्राथमिकता हो

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है। मुझे नहीं लगता कि इस मामले पर ब्रिक्स देशों की कोई एकीकृत स्थिति है। ब्रिक्स के सदस्य और अब जबकि हमारे पास और भी सदस्य हैं, सब इस मामले पर बहुत अलग-अलग दृष्टिकोण रखते हैं। हम मानते हैं कि अमेरिका के साथ काम करना और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली और आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना वास्तव में सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### चीन के साथ हमारे बहुत ही अनोखे रिश्ते

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा चीन और हमारे बीच बहुत ही अनोखे रिश्ते हैं। सबसे पहले, हम दुनिया के दो ऐसे देश हैं जिनकी आबादी एक अरब से अधिक है। हम दोनों का इतिहास बहुत पुराना है, जिसमें समय के साथ उतार-चढ़ाव आए हैं। आज, दोनों देश ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं; यही चुनौती है, और हम सीधे पड़ोसी भी हैं। चुनौती यह है कि जैसे-जैसे कोई देश आगे बढ़ता है, दुनिया और उसके पड़ोसियों के साथ उसका संतुलन बदलता है। जब इस आकार, इतिहास, जटिलता और महत्व वाले दो देश समानांतर रूप से आगे बढ़ते हैं, तो वे अनिवार्य रूप से परस्पर क्रिया करते हैं।



### चीन के साथ सीमा एक महत्वपूर्ण पहलू

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कैसे एक स्थिर संतुलन बनाया जाए और संतुलन के अगले चरण में पहुंचा जाए। हम एक स्थिर संबंध चाहते हैं, जहां हमारे हितों का सम्मान किया जाए, हमारी संवेदनशीलता को पहचाना जाए। हालात ऐसे बनें जहां दोनों देशों के लिए स्थिति बेहतर हो। वास्तव में हमारे रिश्ते में यही मुख्य चुनौती है। भारत के लिए, सीमा एक महत्वपूर्ण पहलू है।

---

थ्री वन फोर कैपिटल की रिपोर्ट से जगी उम्मीद

## डीप-टेक इनोवेशन से भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इसके साथ ही देश सॉफ्टवेयर-लेड टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम से डीप-टेक इनोवेशन द्वारा संचालित इकोसिस्टम-स्ट्रक्चरल बदलाव के दौर से भी गुजर रहा है। गुरुवार को आई थ्री वन फोर कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित पहल जैसे 10,000 करोड़ रुपए के 'फंड ऑफ फंड्स', भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और नेशनल डीप टेक स्टार्टअप पॉलिसी फ्रंटियर टेक इनोवेशन बढ़ावा देने के लिए कमिटमेंट को दर्शाती हैं।

### कौशल निर्माण और तकनीकी से विकास सुनिश्चित



थ्री वन फोर कैपिटल के संस्थापक भागीदार और मुख्य निवेश अधिकारी प्रणव पई ने कहा कि भारत का डीप-टेक सेक्टर निवेश के लिए तैयार, नीति-समर्थित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक अवसर के रूप में परिपक्व हो रहा है। जबकि नींव मजबूत है, डीप-टेक इनोवेशन को व्यावसायिक रूप से सफल, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी व्यवसायों में बदलने के लिए निरंतर पूंजी, इकोसिस्टम सहयोग और धैर्यपूर्वक निष्पादन की जरूरत होगी।

### *2030 तक 70 प्रतिशत कमर्शियल व्हीकल*

*पई ने कहा कि भारत एक निर्णायक चरण में है, एक ऐसा चरण जहां अनुशासित इनोवेशन और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता अगले दशक में एआई, सेमीकंडक्टर और क्लीन मोबिलिटी में इसकी लीडरशिप को परिभाषित करेगी। भारत में 2030 तक 70 प्रतिशत नए कमर्शियल व्हीकल 'ईवी' होने का अनुमान है, ऐसे में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी दक्षता को बढ़ाने की मुख्य चुनौतियां बनी हुई हैं।*

---

आतंकी राणा की यूएस कोर्ट में अपील

## प्रत्यर्पण पर की रोक लगाने की मांग कहा- भारत में प्रताड़ित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है।

क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी।

### राणा मुंबई हमले के दोषी डेविड हेडली का दोस्त

मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को



अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

---

श्रीलंका के मंत्री की भारत से अपील

## मछुआरों को हमारे जलक्षेत्र में घुसने से रोकें, हमारे लिए 'यह बड़ी मदद'

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका सरकार ने भारत से अनुरोध किया है कि वह अपने मछुआरों को द्वीपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से घुसने से रोके। दरअसल, मछुआरे अक्सर मछली पकड़ने के लिए अनजाने में जल सीमा का उल्लंघन कर देते हैं। इसे लेकर श्रीलंका के परिवहन, राजमार्ग, बंदरगाह और नागरिक उड्डयन मंत्री बिमल रथनायके ने कहा कि जल सीमा का उल्लंघन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। भारत के इस कदम की उत्तरी श्रीलंका के लोग बहुत सराहना करेंगे।



मछली पकड़ना ही उनके लिए आजीविका का एकमात्र साधन है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने श्रीलंका की संभावित यात्रा से पहले आई है। रथनायके ने बुधवार को संसद को बताया कि हम जानते हैं कि भारत श्रीलंका की बहुत मदद कर रहा है, लेकिन जाफना के लोगों के लिए यह मदद सबसे बड़ी होगी।

### हम भारत के आभारी

रथनायके ने कहा कि भारत ने एलटीटीई के साथ देश के सशस्त्र संघर्ष के दौरान उत्तरी श्रीलंका के लोगों की बहुत सहायता की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने हमें सुरक्षा दी और हम इसके लिए भारत के आभारी हैं। अब भारत, तमिलनाडु सरकार और उनके सांसद जो सबसे बड़ी सेवा कर सकते हैं, वह है उत्तरी लोगों की आजीविका को संरक्षित करने में मदद करना। विपक्षी सांसद मनो गणेशन ने कहा कि श्रीलंका सरकार को भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के मुद्दे को भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के एजेंडे में शामिल करना चाहिए।

### अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उन्होंने 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए घुसे 550 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस साल अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें, पीएम मोदी अप्रैल की शुरुआत में श्रीलंका का दौरा कर सकते हैं। यह देश की उनकी चौथी यात्रा होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने 2015, 2017 और 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

---

शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज ने दिया औरंगजेब को लेकर बड़ा बयान

## इतना आतंकी होता तो हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

छावा मूवी के बाद औरंगजेब को लेकर शुरू हुई सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अह इस मसले पर दिवंगत शायर मुनव्वर



राणा के बेटे तबरेज ने भी बयान दिया है। तबरेज राणा ने कहा कि अगर औरंगजेब आतंकी होता तो 48 साल के उसके राज के बाद हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता।

### 10 साल में ही कई जगह बुलडोजर चल गया

### 48 साल की हुकूमत में क्या मंदिर बचते?

तबरेज राणा ने औरंगजेब से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 48 साल हुकूमत की है औरंगजेब ने, 48 साल अगर वो हमारे हिंदू भाइयों का कत्लेआम करता तो कितने करता? कितने रह जाते हमारे हिंदू भाई? अगर वो हमारे मंदिर शहीद करता तो क्या हमारे मंदिर बचते 48 साल में? उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा कि यहां दस साल की हुकूमत में ही कितनी जगह बुलडोजर चल गया, औरंगजेब को तो 48 साल का वक्त मिला था, तब न आप थे, न सोशल मीडिया थी। वो जो चाहता कर लेता, नाम-ओ-निशान मिट जाता अगर वो इतना आतंकी होता तो।

### कुछ अच्छा किया होता तो अतीत में नहीं जाते

### मुगल से नफरत, लेकिन मुगलई पसंद

सपा विधायक अबु आजमी से जुड़े सवाल पर तबरेज ने कहा कि जब मेरे वालिद मुनव्वर राणा खराब हो सकते थेतो उनकी क्या गलती थी? वे 'गोडसे' के दौर में 'गांधीगिरी' कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे विवाद तब होते हैं जब हमारे पास दिखाने के लिए कुछ नया नहीं होता। अगर हमने कुछ नया, कुछ अच्छा किया होता तो हम अतीत में नहीं जातेआप मुगल से नफरत करते हैं लेकिन मुगलई को पसंद करते हैं।

### *औरंगजेब में भी गुण थे: विधायक पल्लवी पटेल*

*यूपी के सिराथू से विधायक और अपना दल कमेरावादी नेता पल्लवी पटेल ने भी*



*बुधवार को औरंगजेब पर टिप्पणी करते हुए उसकी तारीफ कर दी थी। औरंगजेब पर बयान देते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि हर शासक में कुछ गुण अवगुण होते हैं, औरगंजेब में भी गुण था। सपा विधायक ने कहा कि मैं हर शासक का समर्थन करती हूं। हर शासक में पॉजिटिविटी होती है।*

### प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन सभी 13 ब्लॉकों में प्रदर्शन

## भिखारी वाले बयान पर कांग्रेस ने जलाए पुतले

जबलपुर।

प्रदेश के पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद पटेल का भीख वाला बयान अब तूल पकड़ते जा रहा है। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है। कांग्रेस इसे शहीदों के साथ साथ आम जनता का भी अपमान बता रही है। कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर विरोध के बयान में 15 मार्च तक क्रमबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की है। इस आंदोलन के पहले दिन जिले भर के सभी ब्लॉक स्तर सभी 13 ब्लॉकों में मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया। इस दौरान विधायक लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष नीलेश जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, तरुण भनोत, संजय यादव, दिनेश यादव, अमरीष मिश्रा, ताहिर अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने यहां कहा, भाजपा सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल ने अपने भाषण में कहा था कि 'लोग सरकार से भीख मांगने के आदि हो गए हैं, ऐसे किसी शहीद का नाम जानते हो जिसने किसी से भीख मांगी हो? 'इस बयान पर कांग्रेस उनसे पूछती है कि शहीद के परिजन अपना अधिकार कागज पर आवेदन देकर मांगते हैं तो क्या वे भिखारी है? ग्रामीण अध्यक्ष नीलेश जैन ने कहा, वरिष्ठ मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता की सरकार से की जाने वाली मांगों को भीख बताया एक निंदनीय बयान है इसलिये 10 मार्च को किसान कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन भोपाल में किया जाएगा। 11 से 15 मार्च तक कांग्रेस के सभी मोर्चा, संगठन, विभाग संबंधित विभागीय मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। दमोह नाका और शंकर शाह ब्लॉक में मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया गया।



## अवैध कब्जा करने जेसीबी से तोड़ी बाउंड्री

### गोहलपुर क्षेत्रातंर्गत चंडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर की घटना, प्रकरण दर्ज


हरिभूमि, जबलपुर।

चंडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर के प्लाट की बाउंड्री एवं गेट जेसीबी मशीन से तोड़ने (अवैध कब्जे के उद्देश्य से) पर सूरज प्रसाद गुप्ता एवं उनके पुत्र अशीष गुप्ता पर थाना गोहलपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है।जबलपुर चांडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा लीज पर प्लाट नंबर 57 बधुआ गोदाम का राजेश अग्रवाल के नाम पर है उक्त प्लाट पर बनी हुई बाउंड्री एवं गेट को एस पी (सूरज प्रसाद) गुप्ता एवं उसके पुत्र आशीष गुप्ता एवं अन्य साथियों के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने के उद्देश से बाउंड्री एवं गेट तोड़ दिया स्थल पर राजेश अग्रवाल बबलू के कर्मचारी रुपेश साहू की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया।एस पी गुप्ता की जमीन ग्राम गोहलपुर में खसरा नंबर 12/64 की थी जिसका पाटवारी शीट में कोई नक्शा बटांकन नही हुआ जिसके सीमांकन में भी ग्राम गोहलपुर में पाई गई उसके बाद ग्राम गोहलपुर की जमीन के कागज लेकर ग्राम माढोताल की जमीन जो खसरा नंबर 153,154 नगर निगम की भूमि जो ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों को लीज पर दी गई थी उक्त प्लाट में जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।जबकि हाईकोर्ट के निर्देश में संभागायुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर के सारे प्लाटो की जांच की गई थी उसमे भी उक्त प्लाट राजेश अग्रवाल का पाया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## एनआई कार्य के चलते तीन जोड़ी रेलगाडियाँ निरस्त

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने और गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तित किया गया है। गाड़ी संख्या 11651जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 07 मार्च से 11 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 8 मार्च से 12 मार्च तक दोनों दिशाओं में 05-05 ट्रिप रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 08 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 11 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 09 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस दिनांक 10 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी।इन रेलगाडियों का मार्ग परिवर्तित होगा ... दिनांक 07 मार्च 2025 को संतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा तथा 09 मार्च को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी। 07 मार्च को धनबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोननगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी साऊथ तथा 09 मार्च को नासिक रोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 03998 नासिक रोड-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी साऊथ-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोननगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी। 08 मार्च को कोलकाता से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी। 10 मार्च 2025 को मदार जंक्शन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

## जलापूर्ति में विघ्न, 7 मार्च से 11 मार्च तक प्रभावित रहेगी



**जबलपुर।** कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने हुए बताया कि रमनगरा स्थित 120 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के अंतर्गत सर्वोदय नगर उच्चस्तरीय टैंक के लीकेज सुधार और अन्य आवश्यक कार्यों के कारण आज 7 मार्च 2025 को सायंकालीन जलापूर्ति तथा 8 से 11 मार्च 2025 तक प्रातःकालीन और सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। यह कार्य क्षेत्रीय जल आपूर्ति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एम.आई.सी. सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी और निगमायुक्त प्रीति यादव ने क्षेत्रवासियों से खेद व्यक्त किया है।

## गरूड़ दल ने प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में गठित गरुड़ दल ने जबलपुर एसडीएम अभिषेक सिंह के नेतृत्व में कंदरा खेड़ा स्थित डेरी एवं दुग्ध संकलन केंद्रों का निरीक्षण किया। गरुड़ दल सर्वप्रथम अवस्थी डेरी पहुंचा जहां खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम एवं श्रम अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण कर मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जनता डेरी फार्म पर दल द्वारा दुग्ध संकलन का निरीक्षण कर केंद्र में स्थित प्रयोगशाला में संकलन केंद्र में खाद्य सुरक्षा मानकों के अंतर्गत संग्रहित दूध की मौके पर ही फैट एसएनएफ एवं अन्य मानकों के तहत मौका जांच की गई, जिसमें संग्रहित दूध मानक स्तर पर पाया गया। दल द्वारा नर्मदा डेरी के अमूल के नर्मदा डेरी संकलन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता मानक केंद्र की लैब का निरीक्षण एवं मौके पर संग्रहित दूध का लैब में विभिन्न मानकों के अंतर्गत परीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि खाद्य सुरक्षा विभाग जबलपुर द्वारा तीन दिन पूर्व ही कंदरा खेड़ा क्षेत्र में, नर्मदा डेरी फार्म से दूध एवं दुग्ध उत्पादो का नमूना संग्रहण का कार्य भी किया गया है, नर्मदा डेरी में श्रम विभाग,विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा भी मानकों की जांच की गई दस्तावेजों रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया गया।

दल में नायब तहसीलदार प्रजीत बंसोड़, औषधि निरीक्षक शरद जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति सारिका दीक्षित, श्रम निरीक्षक हिमांशु क्षेत्र के पटवारी एवं विद्युत विभाग से अधिकारी उपस्थित रहे।



## डिमांड पूरी करने के बाद भी विवाहिता को घर से निकाला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत खजरी खिरिया में कम दहेज मिलने और मायके से 10 लाख रुपए की मांग करने वाले पति, सास और ससुर के खिलाफ एक महिला ने अधारताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खजरी खिरिया बायपास गौशाला के पास अधारताल निवासी 24 वर्षीय श्रीमति रिजवाना बानो का निकाह गत 16 अप्रैल 2024 को गोहलपुर निवासी इरफान खान से हुई है। निकाह में उसके पिता ने दहेज में घर का पूरा सामान एवं मोटर सायकल दी थी। शादी के बाद से पति इरफान खान सास नूरी खानम, ससुर अनीज खान उर्फ पप्पू दहेज कम लाने की बात पर हमेशा विवाद कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते है। पति, सास और ससुर मायके से 10 लाख रूपये लाने का कहते हुए पति को कार दिलवाने की मांग करते है। यह बात जब उसने अपने मायके में बतायी तो उसके पिता ने कार के लिए 10 लाख रूपये नगद उसके पति को दे दिये। फिर भी पति ने कहा कि कार के लिये कुछ पैसे और कम पड़ रहे हैं अपने पिता से और पैसे मांगने को कहा, इसी बात को लेकर पति तथा सास ससुर ने उससे विवाद करते रहे तथा उसे और पैसा लाने के लिये गत 1 फरवरी को उसके मायके छुड़वा दिये तब से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने आरोपी पति , सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## दसवीं के संस्कृत पेपर में 583 छात्र रहे अनुपस्थित

जबलपुर।



**नकल की कोई घटना नहीं**

जबलपुर जिला में माशिमं द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा का संस्कृत विषय का पेपर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जानकारी दी कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण नहीं हुआ। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 583 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें 374 शहरी और 209 ग्रामीण परीक्षार्थी शामिल हैं।

इसी दिन कक्षा बारहवीं के ड्राइंग और डिजाइन के पेपर में कुल 14 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं था। सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर के प्रतिनिधि द्वारा ऑनलाइन ऐप के माध्यम से निगरानी रखी गई और पुलिस तथा केंद्राध्यक्षों के समन्वय से परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।सोनी ने शा कन्या बरेला, शा बालक बरेला और शासकीय उमावि धनपुरी स्कूल का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा की व्यवस्था अच्छी पाई गई और नकल का कोई मामला नहीं सामने आया। इसके अलावा, कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल के द्वारा विभिन्न एसडीएमों के नेतृत्व में जिला के अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया, जिनमें विनिंग स्कूल महाराजपुर, सीएम राइज विद्यालय अधारताल, शा हाई स्कूल बेलबाग, शा उमावि व्योहारबाग, और शा विद्यालय कन्या कुण्डम आदि शामिल थे।इन सभी निरीक्षणों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल का मामला सामने नहीं आया। सभी परीक्षा केंद्रों पर नियमानुसार परीक्षा सम्पन्न हुई।

## पहले दीवार तोड़ी फिर लगा दिए सीसीटीव्ही कैमरे

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत रविन्द्र नगर धनी की कुटिया के पास पड़ोसी पिता पुत्रों ने एक महिला को रास्ते में रोका और जबरन रुपए की मांग करने लगे। रुपए नहीं मिलने पर महिला के घर की दीवाल तोड़ दी और उसके इजाजत के बगैर सीसीटीव्ही कैमरे लगा दिए। मना करने पर महिला और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविन्द्र नगर धनी की कुटिया के पास अधारताल निवासी 35 वर्षीय श्रीमति शालिनी रायबोले गत शाम लगभग 4.30 बजे अपनी स्विफ्ट कार से अपने घर आ रही थी जैसे ही अपने घर के पास पहुंची, तभी पड़ौस में रहने वाले विवयन नरोना एवं उनके दोनों लड़के विनैनस उर्फ बेटू नरौना , ऐरिक नरोना ने उसकी कार रोकी और उसे डराते हुये उससे पैसों की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया और घर आ गयी तो तीनों उसके घर की बाजू वाली दिवाल में तोड़फोड़ कर उसकी इजाजत के बगैर सीसीटीव्ही कैमरे लगा दिये उसने एवं उसकी मां ने कैमरे लगाने से मना किया तो तीनों उसे एवं मां को जान से मारने की धमकी दी।




## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना: महाविद्यालयों में 10 और 11 मार्च को शिविर लगाएं

### कलेक्टर ने प्राचार्यों को दिये निर्देश

जबलपुर।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक युवाओं के पंजीयन के लिये कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के सभी महाविद्यालयों में 10 और 11 मार्च को शिविर लगाने के निर्देश दिये है। श्री सक्सेना द्वारा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दिये गये निर्देश में कहा गया है कि ये शिविर सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक लगाये जायें। उन्होंने शिविरों में कम्प्यूटर सिस्टम एवं ऑपरेटर आदि की व्यवस्था अपने स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्राचार्यों को दिये हैं।

ज्ञात हो कि इंटर्नशिप प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दूसरा चरण वर्तमान में चल रहा है। योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। इस योजना में 21 से 24 वर्ष की आयु के ऐसे युवा पात्र हैं, जो सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और उन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में से एक में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप पाने का एक शानदार अवसर उपलब्ध कराती है। इंटर्नशिप के दौरान प्रतिमाह 5 हजार रुपये का स्टायपंड तथा इंटर्नशिप की अवधि पूरी होने पर एक मुश्त 6 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। योजना के अंतर्गत विश्वसनीय इंटर्नशिप से युवाओं को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी योग्यता प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से इससे उनके कॅरियर और जीवन में बेहतर प्रगति की संभावना बढ़ेगी।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने महाविद्यालयों को प्राचार्यों को जारी निर्देश में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिये लगाये जाने वाले शिविरों में अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने एक-एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने कहा है। उन्होंने कहा है कि शिविरों का आयोजन और युवाओं का पंजीयन नोडल अधिकारी की निगरानी में ही कराया जाये तथा शिविर के बाद किये गये पंजीकृत आवेदकों की सूची प्राचार्य संभागीय आईटीआई की ई-मेल आई डी पर प्रेषित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### रमजान का पहला जुमा आज

**जबलपुर।** पाक माह रमजान का आज पहला जुमा है! इस मौके पर शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी! नमाज के पूर्व इमाम साहब खुतबा पढ़ेंगे तथा नमाजोपरांत दुआए मांगी जाएगी।

**रमजान मुबारक....**

**छठवा रोजा 7 मार्च जुमा**
**रोजा अफ़्तार, 6:21 बजे**
**सहरी कल सुबह, 4:57 बजे**

### एयरगन से फायरिंग, एक घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत खिरका खेड़ा में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने जान से मारने की नीयत से एक मजदूर पर एयरगन से फायर कर दिया, जिससे मजदूर युवक घायल हो गया। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकरी के अनुसार ग्राम भीटा शहपुरा निवासी 41 वर्षीय मजदूर तोड़ल सिंह लोधी गत शाम लगभग 6 बजे अपने घर से फ्रेश होकर खिरका खेड़ा तरफ गया था। खिरका खेड़ा में गांव का केशव लोधी मिला और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से एयरगन से फायर कर दिया। एयरगन से निकला छर्रा तोड़ल सिंह के पैर के घुटने में लग गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### शराब नहीं पिलाने पर हुई मारपीट

**जबलपुर।** बेलबाग, गोहलपुर और बरेला चौकी गौर में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदातों में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। बेलबाग पुलिस ने बताया कि गलगला टोरिया निवासी 35 वर्षीय रेखा खनोटिया गत रात लगभग 11.30 बजे अपने पति ओमप्रकाश के साथ शादी समारोह से घर लौट रही थी। तभी भरतीपुर निवासी मोन्टी सोनकर गलगला के पास मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो मोन्टी सोनकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने एवं उसके पति ओमप्रकाश ने गालियां देने से मना किया तो मोन्टी सोनकर ने कांच की बाटल से रेखा के हाथ की हथेली के पास हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

### युवकों को कार ने मारी टक्कर

**जबलपुर।** बरेला क्षेत्रांतर्गत रोड किनारे खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे तीन युवकों को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस ने बताया कि करमेता माढ़ोताल निवासी 47 वर्षीय सुनील तिवारी अपने छोटे भाई वीरेंद्र तिवारी के साथ बरेला में रोड किनारे खड़े होकर आपस में बातें कर रहे थे तभी बरेला तहसीली तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 टीए 1572 के चालक ने तीनों को टक्कर मार दी, जिससे वीरेन्द्र तिवारी, मजदूर समीर सिंह गौंड़ एवं अमित सिंह गौंड़ घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# होलाष्टक आज से, शुभ और वैवाहिक कार्य नहीं होंगे

## 7 मार्च से 14 अप्रैल तक 39 दिनों की अवधि के दौरान शुभ और वैवाहिक कार्य नहीं हो सकेंगे

**जबलपुर।** इस वैवाहिक सीजन का गुरूवार को अंतिम वैवाहिक मुहूर्त था। शुक्रवार से होलाष्टक और फिर 14 मार्च से मलमास लग जाएगा। 7 मार्च से 14 अप्रैल तक 39 दिनों की अवधि के दौरान शुभ और वैवाहिक कार्य नहीं हो सकेंगे। वैसे आजकल मान्यता बदल रही है और इन दिनों में भी विवाह किए जा रहे हैं।

पंचांगों के अनुसार फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से पूर्णिमा तक होलाष्टक की मान्यता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। पंडित रामचंद्र शर्मा वैदिक के अनुसार 7 मार्च से होलाष्टक की शुरुआत होगी। 13 मार्च को होलिका दहन के साथ इसका समापन होगा। वहीं 14 मार्च से सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य की मीन संक्रांति को मलमास माना गया है। मलमास में भी शुभ-मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। ऐसे में इस बार



लगातार सवा महीना मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 15 अप्रैल को मलमास समाप्त होने के बाद एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी। कल मृगशिरा नक्षत्र व वृषभ राशि के चंद्रमा की साक्षी में होलाष्टक का आरंभ होगा, जो 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तक रहेगा।

### अप्रैल , मई और जून माह में यह रहेंगे वैवाहिक मुहूर्त

अप्रैल महीने में 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 24, 26 और 29 तारीख को शादी विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। मई महीने में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 14,15, 16, 17, 18, 22, 23, 24 और 28 तारीख को शादी विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। जून महीने में 1, 2, 3, 4, 5, 7 और 8 तारीख को शादी विवाह के मुहूर्त हैं। फिर गुरु का अस्त हो जाएगा, जिसकी वजह से शादी-विवाह के कार्य में लंबा ब्रेक लग जाएगा।

### अष्टक की आठ रात्रि साधना के लिए विशेष

धर्मशास्त्र की मान्यता के अनुसार तंत्र, मंत्र व यंत्र की सिद्धि के लिए रात्रि साधना का विशेष महत्व है। शास्त्र में सिद्धरात्रि, कालरात्रि, मोहरात्रि आदि रात्रियों को विशेष बताया गया है। होली से पहले होलाष्टक में भी यह आठ रात्रियां भी साधना की सिद्धि के लिए विशेष मानी गई हैं।

### सूर्यदेव के राशि परिवर्तन से शुरू होता है खरमास

सूर्य के मीन राशि में प्रवेश से खरमास प्रारंभ हो जाएगा। सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास शुरू होता है। 14 मार्च को शाम 6.50 बजे से खरमास शुरू होगा और 14 अप्रैल को रात 10.36 बजे समाप्त हो जाएगा। पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार खरमास के दौरान एक महीने तक मांगलिक कार्य शुभ नहीं माने जाते हैं, लेकिन आजकल कई लोग मांगलिक कार्य करने लगे हैं।

# पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें : कलेक्टर

## आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी समय में होने वाले होली, रंग पंचमी, रामनवमी, रमजान, ईद-उल-फितर, नवरात्रि, महावीर जयंती, डॉ.अंबेडकर जयंती आदि पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से कहा कि पर्वों के दौरान धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर-मस्जिद के आस-पास सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति समुचित रूप से सुनिश्चित हो।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने पूर्व में संपन्न हुये त्यौहारों के दौरान बिजली आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के लिये विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की सराहना की। सदस्यों ने कहा कि सभी धार्मिक पर्वों में जैसा प्रशासन का सहयोग मिलता है वैसा मिलता रहे। रमजान के दौरान रातों में मस्जिद में आने-जाने में सुविधा हो इसके लिये विशेष व्यवस्था की



अपेक्षा की गई। रामनवमी के दौरान पूजा के पूर्व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से कहा कि डीजे और ई-रिक्शा पर अंकुश लगाया जाये, यातायात व पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्वित की जाये। अवांछित तत्वों द्वारा किसी पर रंग न लगाई जाये, अवैध चंदा वसूली पर त्वरित कार्यवाही हो, नर्मदा घाटों में सुरक्षा व्यवस्था के साथ शहर के आवारा कुत्तों को नियंत्रित किया जाये। साथ ही कहा कि शराब दुकानों पर विशेष निगरानी रखी जाये और नलों में साफ व शुद्ध पानी सुनिश्चित किया जाये।

कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि सभी धार्मिक पर्वों को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायें। समिति के सदस्यों ने जो मांग की हैं उनपर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाये रखना सभी का दायित्व है। धार्मिक स्थलों के आस-पास नगर निगम आवश्यक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। साथ ही बिजली, पानी व राशन समय पर मिल जाये यह भी सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रमजान, होली, नवरात्रि आदि पर्व परम्परा के अनुसार अच्छे वातावरण में मनाया जायेगा।

## बैंक के लंबित आवेदन पर 45 दिवस के अन्दर आदेश पारित करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 27.02.2019 को शहर के प्रमुख दंत विशेषज्ञ प्रियांक दुबे, उनके पिता सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कैलाश नारायण दुबे तथा उनकी माता आभा दुबे को रु. 69.50 लाख की ऋण सुविधा प्रदान की गई। ऋण में प्रतिभूति स्वरूप बीटी तिराहा, गढ़ा पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक आवासीय भवन को बंधक रखा गया। इसके अतिरिक्त प्रियांक दुबे द्वारा बैंक से शैक्षिक ऋण भी प्राप्त किया गया। ऋणी द्वारा समय पर ऋण की पूर्ति न किए जाने के कारण ऋण खाते गैर निष्पादित आस्ति वर्गीकृत हो गए एवं पंजाब नैशनल बैंक द्वारा वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इसी क्रम में सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत ऋणी को 60 दिवस के अन्दर ऋण चुकाने की समयावधि प्रदान की गयी, परंतु फिर भी ऋण न चुकाने के कारण बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत माननीय जिलाधिकारी के समक्ष 2021 में बंधक संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा लिए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। चूँकि लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा बैंक के आवेदन पर निर्णय पारित नहीं किया गया, इसलिए बैंक द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष कब्ज़ा दिलाये जाने हेतु रिट याचिका दायर की गई। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश 04.03.2025 द्वारा शासन को बैंक के लंबित आवेदन पर 45 दिवस के अन्दर आदेश पारित करने के लिए निर्देशित किया।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ पुरस्कार वितरण

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (पी.एस.एम. कॉलेज) जबलपुर में संभाग के एम.एड, बी.एड. विभागीय अध्ययन कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं, गैर-विभागीय छात्र-छात्राओं अध्यापक के मध्य विगत दिवसों में क्रीड़ा, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिनके द्वारा आज समापन अवसर पर विशेष मनमोहक, सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जॉइंट कमिश्नर जबलपुर संभाग के अरविंद यादव रहे, अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य सहदेव सिंह मेरावी द्वारा की गई। सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त पुरस्कार वितरण समारोह में जॉइंट कमिश्नर अरविंद यादव, प्राचार्य (अपर संचालक) सहदेव सिंह मेरावी डॉ. रामनरेश पटेल ने संबोधित कर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।



## जबलपुर में आयुर्वेद यूनिवर्सिटी स्थापित करने की मांग

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा विधायक अशोक रोहाणी को एक पत्र दिया गया जिसमें जबलपुर में आयुर्वेद यूनिवर्सिटी बनाई जाने की मांग की गई। जहां पर आयुर्वेद शोध (रिसर्च), पीएचडी आयुर्वेद, एमडी आयुर्वेद, आयुर्वेद फार्म और आयुर्वेद दवाई और जड़ियों का विशाल संग्रह हो जो हज़ारों रोजगार और करोड़ों की आय प्रदेश को देगा। साथ ही विधायक द्वारा रांझी मैदान, केंट हॉस्पिटल में डायलेसिस यूनिट उपलब्ध कराने पर उनका सम्मान भी किया गया। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा डॉ. अमित सिसोदिया (राष्ट्रीय अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), अध्यक्ष एड. भावना निगम (महिला विंग), (सचिव) आशीष त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अश्विनी पाठक, डॉ आशीष डेंगरा, डॉ. आनंद बहरानी, एड. रोशन मंध्यानी भी उपस्थित हुए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए एड. भावना निगम सम्मानित

**जबलपुर।** एड. भावना निगम (मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन प्रमुख) को महिला दिवस के उपलक्ष्य में विधायक अशोक रोहाणी ने उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शॉल, श्रीफल और पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. रोशन मंध्यानी उपस्थित हुए।



## वेस्ट सेन्ट्रल रेल मजदूर संघ का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

### यूथ एवं महिला सम्मेलन में उमड़ा कर्मचारियों का जनसमूह

**जबलपुर।** पमरे का एक मात्र मान्यता प्राप्त संगठन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का 12वाँ दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन 06 मार्च को विशाल यूथ व महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। यूथ सम्मेलन में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कर्मचारियों की ऑप्स की मांग पर रेल कर्मचारियों व डब्लूसीआरएमएस के साथ है। उनका संगठन भी ऑप्स को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने केलिए संघर्ष कर रहा है। संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय, संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वत किया कि ऑप्स की मांग को लेकर 07 मार्च से 21 मार्च तक अखिल भारतीय विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। यूथ सम्मेलन में जोनल तथा जबलपुर, कोटा, भोपाल मंडलों का यूथ मंडल




अध्यक्ष मंडल सचिव ने यूथ कर्मचारियों की मांगों के प्रस्ताव पारित किये। तत्पश्चात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मेलन में श्रीमति ऊषा मोहकर मुख्य अतिथि, डॉ. सीमा मेहरा व अंजली स्वामी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रेल महिला कर्मचारियों की मांगों के प्रस्तावों का समर्थन करते हुये महिलाओं के हितों को सुरक्षित किया जायेगा। महिला संरक्षक शडॉ. गीता पांडे, डिपंल नायर, विजय लक्ष्मी गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, वंदना विश्वकर्मा, दुर्गा तिवारी, रजिया बेगम, नम्रता सोलंकी आदि ने रेल महिला कर्मचारियों की मांगों को बुलंद किया।

## रमजान शरीफ का पहला जुमा आज

### 100 से ज्यादा मस्जिदों में अदा होगी जुमा की विशेष नमाज़

**जबलपुर।** पाक माह रमजान शरीफ का आज पहला जुमा है। इस मौके पर शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के पूर्व इमाम साहब खुतबा पढ़ेंगे तथा नमाजोपरांत दुआएं मांगी जाएंगी।

व्यवस्थाओं की मांग- मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ हाजी कदीर सोनी, समाजसेवी साहिद मुबीन, हाजी मकबूल अहमद रजवी, हाजी शेख जमील नियाजी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, प्यारे साहब, बाबा रिजवान, अमीन कुरैशी, मतीन अंसारी, जमा खान, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, हाजी तौसिफ रजा, अकबर खान, सरबर जवाहर कादरी आदि ने जुमे के मौके पर मस्जिदों व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में साफ़ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जलपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखने की मांग की है।



## लमकना खेल मैदान में सुहजनी एवं ओम साई राम के बीच फाइनल आज

**सिहोरा।** खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वर्गीय विजय विश्नोई की स्मृति में लमकना क्रिकेट मैदान में विगत दिनों से जारी डायमंड विधायक कप क्रिकेट का फाइनल मैच आज रविवार को खेला जायेगा। क्रिकेट मैच संयोजक बलराम पटेल,ब्रजेश पेटल,विपिन पांडे ने बताया फाइनल मैच सुहजनी एंव ओम साई राम लमकना के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जायेगा तथा समापन समारोह एंव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन पाटन विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य एंव जनपद पंचायत मझौली अध्यक्ष श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया जायेगा।



## अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले का व्यापारियों ने किया विरोध

**मझौली।** नगर परिषद मझौली के द्वारा नगर की मुख्य मार्ग में व्याप्त अतिक्रमण इंद्राना तिराहा, बचैया तिराहा, पोला तिराहा एवं दुकान के सामने बढ़े हुए टीनसेट को हटाने पहुंचे नगर परिषद अमले का दुकानदारों ने विरोध किया एवं उनके द्वारा कहा गया कि हमेशा त्योहार के समय ही अतिक्रमण किया जाता है जिससे व्यापारियों के व्यापार में नुक्सान होता है। व्यापारियों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य के बहाने चाहे जब अतिक्रमण कर दिया जाता है ओर निमार्ण कार्य नहीं किया जाता। अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले ने सभी दुकानदारों को एक सप्ताह के समय में अपना अतिक्रमण हटा लें यह चेतावनी दी गई।




**श्री मुकेश कुमार शर्मा-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री मुकेश कुमार शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र तिवारी-** मदनमहल प्रेमनगर कनिष्क अपार्टमेंट निवासी श्री राजेंद्र तिवारी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अंकुश-** छुई खदान पनेहरा जीसीएफ निवासी श्री सुनील के पुत्र श्री अंकुश (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी गोगिया-** बराट रोड नेपियर टाउन निवासी श्री दिलीप गोगिया की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी गोगिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रक्खी बर्मन-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री भूरे लाल बर्मन के पुत्र श्री रक्खी बर्मन (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम लखन कुशवाहा-** कैलाश नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम लखन कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रिंस कुमार सिंह-** उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड गोकलपुर निवासी श्री उमेश कुमार सिंह के पुत्र श्री प्रिंस कुमार सिंह (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुच्चा सिंह राजबंस-** शास्त्री नगर मेडिकल रोड निवासी श्री सुच्चा सिंह राजबंस (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेश सेन-** रानीगंज प्रतापगढ़ (उप्र) निवासी श्री राजेश सेन (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रितू कुशवाहा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गौरीशंकर कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती रितू कुशवाहा (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रतन विश्वकर्मा-** चंद्रिका टावर के बाजू में राइट टाउन निवासी श्री रतन विश्वकर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल चौधरी-** मदनमहल गंगासागर रोड निवासी श्री शंकर लाल चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मदन कोल-** हनुमानताल निवासी श्री मदन कोल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुब्बी लाल चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री सुब्बी लाल चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज पटेल-** रामपुर चौक के निकट निवासी श्री मनोज पटेल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100



## ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर की चालानी कार्रवाई

**पाटन।** नगर परिषद में एसडीएम मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर के विभिन्न दुकानों में ट्रेड लाइसेंस चेकिंग की गई, साथ ही नगर की विभिन्न दुकान में ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर चालानी कार्यवाही भी की गई, तथा दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए बोला गया। इस कार्यवाही में कुल 77000 रुपए की जुर्माना वसूली की गई। इस कार्यवाही में जयपाल स्टोर, आशीष कंप्यूटर, जय अंबे इलेक्ट्रिकल्स, भाटिया ब्रदर्स, श्रीराम फर्टिलाइजर, रणधीर सिंह ठाकुर, ठाकुर होटल, सहित अन्य दुकानों पर कुल 26500 की वसूली ट्रेड लाइसेंस न होने पर जुर्माना एवं सिंगल यूज प्लास्टिक, व्हाइट स्पॉट, रेड स्टॉप पाए जाने पर , प्लास्टिक के एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, दुकान के सामने कचड़ा पाए जाने, एक्सपायरी तिथि की सामग्री पाए जाने पर अन्य दुकानदारों पर राशि रुपए 50500 का जुर्माना किया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहम्मद फैजान अंसारी पिता मोहम्मद सलीम अंसारी, निवासी मेन 1316, सुलेमानी मस्जिद के पीछे, मोतीनाला वार्ड, तह. व जिला जबलपुर, मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। मेरी दसवी के प्रमाण पत्र पर मेरा नाम मोहम्मद फैजान मोहम्मद सलीम (MDHAMMAD FAIZAN MOHAMMAD SALEEM) दर्ज है, मैने अपने सभी दस्तावेजो में अपने पुराने नाम मोहम्मद फैजान मोहम्मद सलीम (MOHAMMAD FAIZAN MOHAMMAD SALEEM) को सुधार कर (परिवर्तन) अपना सही नाम मोहम्मद फैजान अंसारी (MOHAMMAD FAIZAN ANSARI) दर्ज करा लिया है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है

स्थान- जबलपुर दिनांक :- 05/03/2025

गलत नाम- मोहम्मद फैजान मोहम्मद सलीम (MDHAMMAD FAIZAN MOHAMMAD SALEEM)
सही नाम- मोहम्मद फैजान अंसारी (MOHAMMAD FAIZAN ANSARI)

शपथकर्ता

**नाम सुधार सूचना**

मैं सुनीता बेन पति स्व. श्री माखन लाल निवासी- 196, ललपुर, ग्वारीघाट, जिला जबलपुर हालमुकाम मध्य प्रदेश - 482008 मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। मेरा आधार नं. 610614599232 है। मैं पूर्ण रूप से यह सत्यापित करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुनीता बेन पति श्री माखन लाल दर्ज है। मेरे पेन कार्ड जिसका क्रमांक-DZWPS3516M में मेरा नाम सुनीता दर्ज है। यह कि मेरे महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मेरा जो पेन कार्ड में नाम सुनीता दर्ज है वह सत्य एवं सही नाम है। मुझे भविष्य में सुनीता नाम से जाना व पहचाना जाये एवं लिखा एवं पढ़ा जावें । यह कि जो आधार कार्ड में सुनीता बेन एवं पेन कार्ड में सुनीता दर्ज नाम एक ही महिला के है। इस वास्ते में यह शपथ पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती

## खबर संक्षेप

### रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 87.12 प्रति डॉलर



**मुंबई।** व्यापार शुल्कों को लेकर अनिश्चितता और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह छह पैसे के नुकसान के साथ 87.12 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### अदाणी फाउंडेशन ने की 1000 लखपति दीदी सम्मानित




**नई दिल्ली।** अदाणी फाउंडेशन ने 1,000 से अधिक 'लखपति दीदी को सम्मानित किया और महिलाओं की समुचित भागीदारी वाला कार्यबल एवं समाज बनाने की प्रतिबद्धता जताई। 'लखपति दीदी' किसी स्वयं-सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होती है।

### जैबिल गुजरात में सिलिकॉन फोटोनिक्स संयंत्र लगाएगी



**गांधीनगर।** अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता जैबिल गुजरात में करीब 12.5 करोड़ डॉलर के निवेश से सिलिकॉन फोटोनिक्स विनिर्माण संयंत्र लगाने जा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यहां आयोजित आईईएसए विजन सम्मेलन में कहा कि गुजरात सरकार के साथ इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात बढ़ा



**कोलकाता।** इस साल जनवरी में भारत के अमेरिका को इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। हालांकि, देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में मामूली 7.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषदने यह जानकारी दी है।

### ओयो को 1,100 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ की उम्मीद



**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी यूनिकॉर्न ओयो को अगले वित्त वर्ष में अपना शुद्ध लाभ 1,100 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ यह अनुमान साझा किया है। 2,000 करोड़ रुपये की कर एवं ब्याज पूर्व आय की उम्मीद है।

### ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के सीईओ कोहली ने दिया इस्तीफा

BRITANNIA

**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लि. के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रजनीत सिंह कोहली ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ' कार्यकारी निदेशक और सीईओ कोहली ने पांच मार्च, 2025 को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने ब्रिटानिया के बाहर अवसर तलाशने के लिए इस्तीफा दिया है।'कंपनी के अनुसार, निदेशक मंडल ने कहा कि उन्हें 14 मार्च, 2025 को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।

# ट्रंप और मस्क की आंखों में खटक रहा भारत का 110 प्रतिशत तक का टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका चाहता है कि भारत दोनों देशों के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के तहत अमेरिका से भारत में आने वाली कारों पर टैरिफ खत्म कर दे। लेकिन भारत ऐसे टैरिफ को तुरंत जीरो करने की इच्छा नहीं रखता है।

- भारत ऐसे टैरिफ को तुरंत जीरो करने की इच्छा नहीं रखता

हालांकि आगे टैरिफ को और कम करने पर विचार किया जा रहा है। यह बात रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में सोर्सेज के हवाले से कही गई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय ट्रेड डील के लिए होने वाली औपचारिक बातचीत में एक मुद्दा भारत में ऑटो पर हाई टैरिफ का भी रहेगा। बता दें कि अमेरिकी अरबपति एलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला, भारतीय बाजार में एंट्री करने वाली है। भारत में इंपोर्टेड कारों पर टैक्स 110 प्रतिशत तक है और यह दुनिया में सबसे अधिक टैक्सेज में से एक है।

## भारत में इंपोर्ट होने वाली कारों पर जीरो टैरिफ चाहता है अमेरिका

### क्यों टैरिफ कम करने के खिलाफ हैं घरेलू कंपनियां

भारत का कार बाजार 40 लाख व्हीकल सालाना का है। घरेलू मैन्युफैक्चरर्स पहले टैरिफ कम करने के खिलाफ तर्क दे चुके हैं। उनका कहना है कि इस तरह के कदम से इंपोर्ट सस्ता होने से लोकल मैन्युफैक्चरिंग में निवेश खत्म हो जाएगा। टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों ने विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर इंपोर्ट टैरिफ कम करने के खिलाफ पैरवी की है। उनका कहना है कि इससे इस नए उभरते सेक्टर को नुकसान होगा, जिसमें उन्होंने भारी निवेश किया है।



*भारत सरकार कर रही घरेलू निर्माताओं से बातचीत :* रॉयटर्स के मुताबिक, एक सूत्र ने कहा, 'अमेरिका का कहना है कि भारत कृषि को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में टैरिफ को जीरो या न के बराबर कर दे।' एक दूसरे सूत्र ने कहा कि भारत, अमेरिका की बात सुन रहा है और कहा है कि वह लोकल इंडस्ट्रीज से परामर्श करने के बाद टैरिफ पर अपनी स्थिति के बारे में जवाब देगा। ऑटो इंपोर्ट पर टैरिफ को तुरंत जीरो करने की अमेरिकी मांगों पर भारत के नरम पड़ने की संभावना नहीं है।

*टैरिफ कम करने ली जा रही राय :* लेकिन देश, इंडस्ट्री को कम टैरिफ व्यवस्था के लिए तैयार करने और प्रतिस्पर्धा के लिए खुला रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले महीने, भारत सरकार ने टैरिफ में किसी भी कटौती पर फैसला लेने और टैक्सेज को तुरंत जीरो करने पर उनकी आपत्तियों को समझने के लिए घरेलू कार मैन्युफैक्चरर्स से मुलाकात की।

### मस्क को मिल रहा ट्रंप का साथ

इसकी मस्क ने आलोचना की है। अब मस्क को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सपोर्ट मिल गया है। ट्रंप ने बार-बार भारत के हाई टैक्सेज की खिलाफत की है। मंगलवार को कांग्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने देश के 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ की निंदा की, और बदले में कार्रवाई की धमकी दी।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष बेरी सीआईआई के क्रार्यक्रम में बोले

# प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने भारत को अन्य देशों के एमएसएमई को आकर्षित करना होगा : नीति आयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए छोटे और मझोले उद्यमों को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करने की जरूरत है और इसके लिए अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित करने की आवश्यकता है।

बेरी ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के आपूर्ति श्रृंखला पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी होने के लिए अन्य देशों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को आकर्षित करना होगा।

- सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने की जरूरत
- चीन से आगे निकलन हमें बहुत कुछ करना है
- चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा




### एमएसएमई को आकर्षित करना होगा

बेरी ने कहा, 'हमें चीन से आगे निकलने के लिए अभी बहुत कुछ करना है। इसका कारण चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा, ''बड़ी कंपनियां जटिल नियमों पर बातचीत कर सकती हैं...जब तक हम अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित नहीं कर सकते, हम पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी नहीं हो सकते।''

### अत्यधिक नियमन बाधा बन रहे

आयोग के उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अत्यधिक नियमन खासकर एमएसएमई के लिए भारतीय बाजारों में प्रवेश के लिए बाधा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एमएसएमई को आकर्षित करना घरेलू एमएसएमई और उनके द्वारा योगदान किए जाने वाली बड़ी कंपनियों के बीच जीवंत संबंधों पर भी निर्भर करता है।

### देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर

बेरी ने कहा, ''मुद्रास्फीति में नरमी और गरीबी के स्तर में गिरावट के साथ, देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर है। अब चुनौती इस गति को बनाये रखने और तेज करने की है।''पर्यावरण अनुकूल पहल के महत्व का जिक्र करते हुए बेरी ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया हरित आपूर्ति श्रृंखलाओं की ओर बढ़ रही है, भारतीय उद्यमों को इसे अपनाने के लिए कदम उठाना होगा।

### अच्छी गति बनाए रखना कठिन

बेरी ने कहा कि वृद्धि नवोन्मेष और व्यापार से लाभ के माध्यम से होती है, लेकिन जब आप अच्छा कर रहे हों तो गति को बनाए रखना कठिन होता है। उन्होंने कहा, ''चुनौती आगे बढ़ते रहने की है। भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र को आगे बढ़ना होगा और वास्तविक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।''

### घरेलू पूर्वाग्रह दूर करना होगा

बेरी ने पिछले 20 साल में थाइलैंड और जापान में वाहन क्षेत्र के वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकरण का संकेत देते हुए कहा, ''हमारे बड़े पैमाने के विनिर्माताओं की गतिविधियों में घरेलू पूर्वाग्रह है और हमें इसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।

### भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था

बेरी ने भारत की वृद्धि संभावनाओं पर कहा कि देश ने कोविड महामारी के बाद उल्लेखनीय आर्थिक पुनरुद्धार हासिल किया है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है और इसे अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने स्वीकार किया है।

# रिलायंस में खरीदारी से सेंसेक्स 610 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बीएसई सूचकांक 74 हजार अंक का स्तर पार कर गया
- कच्चे तेल के दाम में कमी से रिलायंस में भारी खरीदी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया।

कच्चे तेल के दाम में कमी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर रुख नरम होने के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूती से स्थानीय बाजार बढ़त में रहा। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक चढ़कर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 660.57 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 207.40 अंक बढ़त के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी एक समय 219.15 अंक तक चढ़ गया था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

### शुल्क को लेकर नरम रुख

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कमजोर डॉलर सूचकांक के बीच कनाडा और मेक्सिको के वाहन विनिर्माताओं पर डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर नरम रुख के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू बाजार में मजबूती आई।'

# नई भर्तियां बढ़ने से रोजगार बाजार में 41 प्रतिशत का उछाल



- रोजगार बाजार में फरवरी में तेजी जारी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुख्य रूप से नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती के कारण देश के रोजगार बाजार में फरवरी माह में भी तेजी जारी रही और इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

एशिया के रोजगार एवं प्रतिभा मंच, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में नए लोगों की नियुक्तियों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह अपना करियर शुरू करने वाले प्रतिभाशाली कर्मियों के लिए नियोक्ताओं की निरंतर मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2025 में नियुक्तियों में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी नए लोगों की भर्तियों में उछाल के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में आईटी - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फ्रेशर भर्ती मामले में अग्रणी बना रहा। वर्ष 2024 में इसका हिस्सा 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर वर्ष 2025 में 34 प्रतिशत हो गया।

### बदलते रुख से इनकार नहीं

फाउंडिट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी सुरेश ने कहा, ''कौशल आधारित नियुक्ति की ओर बदलते रुख से इनकार नहीं किया जा सकता। नियोक्ता व्यावहारिक विशेषज्ञता और उद्योग-संबंधित कौशल वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे रहे हैं।''

## एलआईसी हाउसिंग को बोर्ड से कर्ज जुटाने की मंजूरी ...




**मुंबई।** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने अगले वित्त वर्ष में कर्ज, बांड जारी कर और अन्य माध्यमों से 1.23 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ऑडिट कमेटी की सिफारिश के आधार पर बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1,22,500 करोड़ रुपये के कर्ज बजट को मंजूरी दी है।

# विक्रम सोलर सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा लगाएगी

- बेहतर प्रदर्शन के साथ टिकाऊ, अभिनव बैटरी समाधान प्रदान करके ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में अपना योगदान देगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




विक्रम सोलर ने गुरुवार को एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता वाली एक एकीकृत सॉलिड-स्टेट सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना की घोषणा की। विक्रम सोलर ने बयान में कहा कि यह उद्यम, बेहतर प्रदर्शन के साथ टिकाऊ, अभिनव बैटरी समाधान प्रदान करके ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में अपना योगदान देगा। कंपनी, मालिकाना बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) तकनीक के साथ एक गीगावाट घंटा की पूरी तरह से एकीकृत सॉलिड-स्टेट सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ज्ञानेश चौधरी ने कहा, भारत में निर्मित अधिकांश कलपुर्जों के साथ विकसित और निर्मित हमारी सॉलिड-स्टेट बैटरियां 'आत्मनिर्भरता' की पहल का समर्थन करती हैं।

# सिटीकॉर्प इन्वेस्टमेंट बैंक ने सेबी से निपटाया मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिटीकॉर्प इन्वेस्टमेंट बैंक (सिंगापुर) लि. ने बृहस्पतिवार को 36 लाख रुपये का भुगतान कर सेबी के साथ एफपीआई नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले का निपटान किया।

यह मामला सिमेट्री मास्टर फंड लि. को ऑफशोर डेरिवेटिव उत्पाद जारी करने से जुड़ा था। सिटीकॉर्प ने सेबी के पास खुद से निपटान आवेदन दायर किया था। आवेदन में एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) नियमों के कथित उल्लंघन का निपटान करने का प्रस्ताव दिया गया। निपटान नियमों के तहत मामले में तथ्यों और निष्कर्षों को स्वीकार या अस्वीकार किये बिना इसके निपटान का प्रस्ताव दिया गया था। बाजार नियामक सेबी ने आवेदन को स्वीकार करते हुए बृहस्पतिवार को अपने आदेश में कहा, ''उल्लंघन को लेकर शुरू की गयी कार्यवाही ... आवेदक के संबंध में निपटाई जाती है।




- एफपीआई नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले का निपटान

### शुल्क सेबी के पास जमा किया जाना था

*एसएमएफएल को 19 दिसंबर, 2023 को जारी किए गए ओडीआई के अनुरूप 800 अमेरिकी डॉलर का नियामक शुल्क आवेदक द्वारा तुरंत सेबी के पास जमा किया जाना चाहिए था। इसके बजाय, इसे 69 दिन की देरी से 26 फरवरी, 2024 को सेबी के पास जमा किया गया।*

# सोना 200 रुपए टूटा, चांदी स्थिर

- सोना घटकर 89,100 रुपए प्रति दस ग्राम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का पिछला बंद भाव 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार के बंद स्तर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। वैश्विक मोर्चे पर, कॉमेक्स सोना वायदा 12.20 डॉलर की गिरावट के साथ 2,913.80 डॉलर प्रति औंस रह गया। इस बीच, हाजिर सोना 15.57 डॉलर की गिरावट के साथ 2,903.82 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि निवेशकों ने नवीनतम शुल्क घटनाक्रमों और उनके प्रभावों पर विचार किया।

ऐसी चर्चा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क में कमी पर विचार कर सकती हैं। एशियाई बाजार घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33.03 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### अस्थिरता जारी रहने की उम्मीद

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक- जिंस एवं मुद्रा जतिन त्रिवेदी के अनुसार, अमेरिकी एडीपी गैरकृषि रोजगार, गैरकृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के आने के साथ ही, सर्राफा कीमतों में अस्थिरता जारी रहने की उम्मीद है।

## पेशवर नेटवर्किंग मंच ने जारी की रिपोर्ट

# छोटे शहरों से महिलाओं के नौकरी आवेदनों में उछाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से 2021 से 2024 के बीच महिलाओं की ओर से नौकरी के आवेदनों में तेज वृद्धि हुई है। पेशवर नेटवर्किंग मंच अपना.को ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

'अपना डॉट को' ने एक रिपोर्ट में कहा कि मंच ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाओं की ओर से नौकरी के आवेदनों में तीन गुना वृद्धि देखी, जो पिछले चार वर्षों में महानगरों से परे, महिला कार्यबल की भागीदारी में एक बड़े बदलाव को दर्शाता है।

### गैर-परंपरागत भूमिका भी तलाश रही

इसमें कहा गया है कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाएं गैर-परंपरागत भूमिकाएं भी तलाश रही हैं, जिसमें वर्ष 2024 में फील्ड सेल्स में लगभग छह लाख आवेदन, डिलिवरी और लॉजिस्टिक्स में 2.5 लाख आवेदन और सुरक्षा सेवाओं में 1.5 लाख आवेदन हैं।

- दूसरे व तीसरे श्रेणी के शहरों से तीन गुना आवेदन बढ़ा



### कुल आवेदनों में से 55 फीसदी महिलाओं के

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि बिक्री और कारोबार विकास, एडमिन और बैक ऑफिस, और ग्राहक सहायता दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाओं के लिए पसंदीदा नौकरी विकल्प के रूप में उभरे। नौकरी के कुल आवेदनों में से 55 प्रतिशत इन भूमिकाओं के लिए आए।

### इंदौर, भोपाल रोजगार केंद्र के रूप में उभरे

जैसे-जैसे महानगरों से परे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, भोपाल, सूरत, नागपुर और कोयंबटूर प्रमुख रोजगार केंद्र के रूप में उभरे हैं। इन शहरों में महिलाएं सक्रिय रूप से नौकरी हासिल कर रही हैं।

### भारत का कार्यबल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा

अपना.को के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निर्मित पारिख ने कहा, 'भारत का कार्यबल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की महिलाएं विभिन्न उद्योगों में विविध करियर अपना रही हैं। डिजिटल पहुंच और उभरते हुए नियुक्ति रुझानों से प्रेरित होकर, यह उछाल कार्यबल की गतिशीलता को नया आकार दे रहा है।'

## चिंतन

# विश्व को ट्रेड वॉर की ओर धकेल रही ट्रंप की सनक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका पैदा कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अब ट्रंप चीन और कनाडा ही नहीं, भारत पर भी भारी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने अमेरिकी संसद के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए भारत के साथ जैसे तो तैसा टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। यह भी नहीं है कि ट्रंप ऐसा पहली बार कर रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत से आयातित एल्युमिनियम और स्टील पर उच्च टैरिफ लगाए थे, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ा था। इसके जवाब में भारत ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाते हैं तो इसका क्या असर होगा। क्या इसकी मार सिर्फ भारत पर ही पड़ेगी या फिर अमेरिका भी ट्रंप की 'टैरिफ सनक' की आग से झुलसेगा। यह तो साफ है कि भारतीय आयात पर टैरिफ लगाने का असर न केवल दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों पर पड़ेगा बल्कि भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों और आम लोगों पर भी पड़ेगा। अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने पर निश्चित तौर पर भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। वह भी जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ किसी छुटभैया देश की तरह व्यवहार करना सुपरपावर के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 119.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का लगभग 35.31 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। इसका मतलब है कि देश के निर्यात का मूल्य उसके आयात के मूल्य से अधिक है। अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो यह व्यापार संतुलन बिगड़ सकता है। इससे भारतीय उद्योगों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी, लेकिन इसका सीधा असर अमेरिका पर भी पड़ेगा। वहां महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा होगा। जब ट्रंप प्रशासन ने पहली बार टैरिफ लगाया था तो अमेरिका में महंगाई की मार शुरू हो गई थी। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करे और उनसे अधिक खरीदे। ट्रंप और मोदी के बीच हाल ही में हुई वार्ता के बाद अमेरिका ने व्यापारिक संबंध बढ़ने के महत्व पर जोर तो दिया, लेकिन संसद में ट्रंप ने टैरिफ लगाने का ऐलान करके नई स्पर्धा खड़ी कर दी है। अमेरिका से भारत को कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात सबसे ज्यादा किया जाता है। मोती, कीमती पत्थर और नकली आभूषणों का इसके बाद नंबर आता है। इसके अलावा भारत अमेरिका से स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, परमाणु रिएक्टर और बॉयलर जैसे पावर प्लांट के उपकरण, विद्युत मशीनरी और उपकरण, विमानन, चिकित्सा और सैन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में खरीदता है। भारत अमेरिका को हीरे और आभूषण, चिकित्सा उपकरण और सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल और परिधान, बैग, जूते आदि निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सॉफ्टवेयर और अन्य सर्विसेज के लिए भी बड़ा बाजार है। टैरिफ वार शुरू होने से इन उद्योगों पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही ट्रंप की टैरिफ वार से दुनियाभर के शेयर बाजार दहशत में हैं। अगर वे लगातार ऐसे ही फैसले लेते हैं तो नई विश्व ट्रेड वार छिड़ने की आशंका है। वे पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।



टैरिफ कटौती

प्रो. अश्वनी महाजन

# टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

**टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं।**

लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमेरिकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलेक्ट्रिक कारें अमेरिका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय है, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डॉलर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है। टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था।

भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों पर आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलेक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हज़ार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है? समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दो पहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए



एक दृढ़ और अनुकूल सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दो पहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। टेस्ला कारों पर टैरिफ़ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपये से दो करोड़ रुपये के बीच होगी। दूसरी ओर, ज़्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेनदेन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं। दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50,000 वाहन ही बेच सकती है। अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि, भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं।

हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक

रोहित कौशिक



# अनर्गल बयानों से गिर रही राजनेताओं की साख

इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कांग्रेस की महिला प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद की टिप्पणी से एक नया हंगामा हो गया है। शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा को मोटा खिलाड़ी बताया और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी थी। हालांकि कांग्रेस ने शमा मोहम्मद के बयान से किनारा कर लिया है लेकिन इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस बैठे-बिठाए ही सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। कांग्रेस के राजनेता या प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमलावर होने के मौके दे देते हैं। कांग्रेस के कुछ राजनेता यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है। कांग्रेस के नेता यह गंभीरता कब समझेंगे कि उनके वक्तव्य का समाज पर असर पड़ता है। सार्वजनिक रूप से या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे कांग्रेस की राजनीति पर गलत असर पड़े। पहले तो कांग्रेस के नेता बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर अपने बयानों पर सफाई देते फिरते हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी असमंजस की स्थिति में आ जाती है। केन्द्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सत्ता से दूर है। क्या ऐसे बयानों से कांग्रेस को कोई लाभ होने की उम्मीद है। निश्चित रूप से ऐसे बयान कांग्रेस की परेशानी ही बढ़ाएंगे। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह कैसे अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा सकती है। जनता कांग्रेस पर तभी विश्वास कर पाएगी, जब कांग्रेस अपने व्यवहार में भी गंभीरता दिखाएगी। शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम के अब तक के सबसे निराशाजनक कप्तान हैं। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमा मोहम्मद मूल रूप से केरल की रहने वाली डेंटिस्ट हैं। उन्हें 2018 में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। 2019 में भी अपने एक बयान के कारण शमा मोहम्मद चर्चा में आई थीं। उस समय उन्होंने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, ऐसे समय में कांग्रेस को केरल में ज्यादा महिलाओं को टिकट देना चाहिए था। भारतीय जनता पार्टी ने शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली में 6 बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनाव हारना प्रभावशाली है लेकिन टी 20 विश्वकप जीतना प्रभावशाली नहीं है। वैसे कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है।

हालांकि कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जो शमा मोहम्मद ने कहा है कि वह पार्टी का स्टैंड नहीं है। शमा को एक्स से संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस भारतीय खिलाड़ियों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर टिप्पणी करने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद खूब ट्रोल हो रही हैं। एक्स पर रोहित शर्मा के फैन्स शमा से नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टिप्पणी को अनुचित बताया है। राहुल गांधी भी शमा की टिप्पणी से नाराज बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता कब तक ऐसी हरकतें करते रहेंगे जो कांग्रेस के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा करें। शायद ऐसे नेताओं को ज्यादा बोलने की बीमारी हो रही है। अतिरेक में कुछ भी कह देना ऐसे नेताओं की आदत में शुमार हो गया है। भाजपा के कई नेता भी अपनी टिप्पणियों के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। अतिरेक में बयान देने वाले और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता चाहे कांग्रेस में हों या फिर भारतीय जनता पार्टी में हों, अपना ओछापन दिखा ही देते हैं। जनप्रतिनिधियों को तो बहुत सोच-समझ कर बयान देने चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधि घमंड में इतने चूर हैं कि कुछ भी बयान दे देते हैं। ऐसे बयान वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। बयान बहादुर बनने वाले राजनेताओं को यह सोचना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीति की गरिमा तो गिरती ही है, राजनेताओं की साख भी दांव पर लग जाती है। राजनीति में राजनेताओं की साख बचे रहना बहुत जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में राजनेताओं के क्रियाकलापों की वजह से उनकी साख लगातार गिरती जा रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश ज़रूरी



संकलित

**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## सटाका



## आज की पाती


### मतदान के लिए न आना वाकई चिंताजनक

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख-समृद्धि के लिए पूजा स्थलों पर जाने को समय निकालते हैं, उसी तरह मतदान के लिए भी समय निकालना चाहिए।

*-साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### शीतकालीन पर्यटन



देवभूमि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। हर्षिल में इसी से जुड़ी ट्रैक और बाइक रैली में शामिल लोगों के जोश और उत्साह ने नई ऊर्जा से भर दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### नेशनल कोआर्डिनेटर



अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र


### फेरोक्रोम का महत्व



क्या आप जानते हैं स्टील को 'स्टेनलेस' क्या बनाता है। फेरोक्रोम जो क्रोमियम से बनता है। इसमें अद्भुत जंगरोधी गुण होते हैं जो स्टील को खाना पकाने के बर्तनों से लेकर कारों तक के अनुप्रयोगों में इस्तेमाल करने में सक्षम बनाते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### वन्यजीव कल्याण




अनंत अंबानी और वंतारा में उनकी पूरी टीम वन्यजीव कल्याण में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। बचाव, पुनर्वास और संरक्षण के प्रति उनका समर्पण एक अधिक टिकाऊ और दयालु पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है।

-विराट कोहली, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी 'बेबुनियाद': पाक



पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को 'बेबुनियाद' बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद का समाधान 'कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा, 'हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए।'

## ऑफ बीट

# अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?



सबसे सामान्य पैमाना 50 सालों से है। यह लोगों से उनके दर्द को शून्य (कोई दर्द नहीं) से लेकर दस (आमतौर पर 'सबसे तेज दर्द जिसकी कल्पना की जा सकती है') तक रेट करने के लिए कहता है। यह दर्द के सिर्फ एक पहलू -इसकी तीव्रता- पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि मरीज की हालत क्या है इसे तेजी से समझा जा सके।यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते हैं, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे हैं - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है। पेचीदा अनुभव पता करने के लिए बेहद संकुचित माध्यम मेरी बेटी की दुविधा पर विचार करें। कोई व्यक्ति सबसे भयानक दर्द की कल्पना कैसे कर सकता है? क्या हर कोई एक सी ही कल्पना कर सकता है?

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### मंत्री तोमर का प्रण बिजली बचाने एक साल तक बिना प्रेस किए कपड़े पहनूंगा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने अनोखे अंदाज के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने एक अनोखा प्रण ले लिया है। मंत्री तोमर ने ऐलान किया है कि वो 1 साल तक बिना प्रेस किए हुए कपड़े ही पहनेंगे। ऊर्जा मंत्री का कहना है कि लोगों को बिजली की जितनी जरूरत हो, उतनी ही उपयोग करें। बिजली की बचत करनी चाहिए. बिजली बचत के लिए बचत हम सब लोगों को बिजली जितनी जरूरत है, उतनी ही उपयोग करना चाहिए। एक ड्रेस प्रेस करने में आधा यूनिट बिजली लगती है। प्रदूषण भी होता है। ये बिना प्रेस वाली ड्रेस पहनने का संदेश उसका संकेत हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें। उन्होंने कहा कि इसको देखते हुए मैं अगले एक साल तक प्रेस किए हुए कपड़े नहीं पहनूंगा। इससे बिजली बचेगी।

### मुख्यमंत्री शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे बाघों का जोड़ा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मप्र को जल्द ही एक नए टाइगर रिजर्व पार्क की सौगात मिलने जा रही है। शिवपुरी जिले का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9 वां बाघ संरक्षित क्षेत्र होगा, जो चंबल क्षेत्र में वन्य जीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं बाघों का एक जोड़ा माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। चंबल रेंज में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से स्थानीय युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

### अब अस्पताल के वार्ड ब्वॉय, आया कहलाएंगे अस्पताल सहायक

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग ने अपने सभी सरकारी अस्पतालों में पदस्थ वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, डेंटल अटेंडेंट और डार्क रूम अटेंडेंट को अस्पताल सहायक घोषित कर दिया है। इन सभी श्रेणी के कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मानते हुए उनके पदों का युक्तिकरण कर दिया है। इस संबंध में विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि वह अपने अपने जिले और जिला अस्पतालों में वार्ड बॉय, वार्ड आया, डार्क रूम अटेंडेंट व डेंटल अटेंडेंट के रिक्त पद, कार्यरत कर्मचारी और कुल पदों की संख्या संचालनालय को जल्द से जल्द भेजें। स्वास्थ्य विभाग ने मप्र के सरकारी अस्पतालों के लिए कुल 6702 चतुर्थ श्रेणी पदों का सृजन किया है। इसलिए सभी जिलों से पदों की सही जानकारी मंगवाई जा रही है। ताकि रिक्त पदों के विरुद्ध नई भर्ती की योजना बनाई जा सके।

### भोपाल-इटारसी सेक्शन का डीआरएम ने किया फुटप्लेट निरीक्षण

**भोपाल।** पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने दो दिन पहले मंडल कार्यालय भोपाल में मंडल के कार्यालय में अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कामों की समीक्षा की थी। इसके बाद अब मंडल के अधिकारी द्वारा लगातार दौर कर उन स्टेशनों के कामों की समीक्षा कर जल्द से जल्द तय डेट लाइन में काम कराने पर जोर दे रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को भोपाल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी इटारसी स्टेशन पहुंचे, जहां पर उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। डीआरएम ने नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में भोपाल से इटारसी तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

---

## 16वें वित्त आयोग के साथ ग्रामीण एवं नगरीय निकायों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# मप्र को आबादी के हिसाब से अनुदान व लोगों को तकनीकी सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करने अलग से फंड प्रदान का सुझाव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

16वें केंद्रीय वित्त आयोग के साथ बुधवार को ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। ग्रामीण स्थानीय निकायों, नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे।

> ननि के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों के प्रतिनिधि के रूप में चार नगर निगम के महापौर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। प्रदेश के नगरीय निकायों को दिए जा रहे अनुदान में मध्यप्रदेश में देश की सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है इसलिए उसे संज्ञान में रखकर अनुदान जारी करना और शहरीकरण में जनता को सेवा प्रदाय में तकनीकी उपयोग किए जाने को प्रेरित करने के लिए पृथक से अनुदान जारी किए जाने का अनुरोध किया गया।




### मुख्यमंत्री से वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया एवं सदस्यों ने की भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीयता से स्वागत किया। मुख्यमंत्री से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव केके मिश्रा ने भेंट कर चर्चा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल, राज्य मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

## 14 वरिष्ठ इंजीनियरों की सात टीमें बनाकर सात जिलों को भेजी गई

# सात जिलों की रेंडम आधार पर की गई सड़कों और भवनों की जांच में मिली भारी गड़बड़ियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेश भर की सड़कों व भवनों की गुणवत्ता परखने के लिए रैंडम आधार पर औचक निरीक्षण कराने की योजना बनाई है। बुधवार को सात परिक्षेत्र के सात जिलों की सड़कों का औचक निरीक्षण कराया। इसके लिए दो-दो सीनियर इंजीनियरों की सात टीमों का गठन कर औचक निरीक्षण करने को कहा। इस एक दिन के निरीक्षण में चौकानें वाले नतीजें आए हैं। राजगढ़ व बुरहानपुर जिले में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है। जबकि रीवा, नीमच व नरसिंहपुर जिले में प्राथमिक तौर पर इंजीनियरों को कोई खास गड़बड़ी नहीं मिली। इसकी अलग से रिपोर्ट बनाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी ने दो दिन पहले निर्णय लेकर सड़कों व भवनों की गुणवत्ता परखने का निर्णय लिया। इसके लिए एक ही दिन यानी बुधवार को कम से कम 5 सड़कों की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी इंजीनियरों को दी गई। इसके लिए मुख्य अभियंता स्तर के इंजीनियरों को एक दूसरे के परिक्षेत्र में भेजा गया। भोपाल परिक्षेत्र में पहली बार में राजगढ़ जिले की 5 सड़कों का औचक निरीक्षण करने के लिए सीई आनंद प्रकाश राणे व रीवा परिक्षेत्र के सीई संजय खांडे को जवाबदारी दी गई। सूत्रों ने बताया कि नरसिंहपुर में 4 किमी के कांक्रीट सड़क निर्माण में महज 1200 मीटर काम होना पाया गया।

> ■ टीम ने औचक निरीक्षण किया तो हुआ खुलासा

यहां हालांकि शहर के बीच में ही करीब 1600 मीटर का फारेस्ट क्षेत्र मिला है। इस वजह से काम रूक गया है। कांक्रीट रोड का सैंपल लिया गया है। इसे लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। इस टीम ने पीआईयू के भवन का निरीक्षण किया। गुणवत्ता ठीक पाई गई, किंतु छीपाहेड़ा-नलखेड़ा रोड पर आरडीसी का काम काफी खराब गुणवत्ता का मिला है। यह रोड बेरतरतीब तरीके से बनाई गई है। सामग्री भी अमानक पाई गई। बोल्डर बड़े साइज के थे, इसलिए उसे रीजेक्ट किया गया है। जबकि ज्यूडिशियल बिल्डिंड का कार्य सही पाया गया।

**रिपोर्ट शासन को एक दिन बाद भेजी जाएगी**



### इन टीमें को भी मिली औचक निरीक्षण में गड़बड़ियां

रीवा परिक्षेत्र में रीवा जिले की सड़कों की औचक जांच का जिम्मा सीई आरडीसी राकेश जैन व बीपी बौरासी को मिली थी। सूत्रों ने बताया कि टीम ने औचक निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसे मंत्रालय भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उज्जैन परिक्षेत्र के नीमच में औचक निरीक्षण की जबादारी सीई भवन एसआर गोरखेड़े व सुनील जैन को दी गई थी। दोनों इंजीनियरों की जांच टीम ने कई जगहों पर औचक निरीक्षण में गड़बड़ी पाई है। इसकी रिपोर्ट मंत्रालय भेजी जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सागर परिक्षेत्र में नीवाड़ी जिले की सड़कों की औचक छानबीन की जिम्मेदारी अजय श्रीवास्तव व जेएस बघेल को मिली थी। दोनों ने चार सड़कों का निरीक्षण किया है।

### लगातार आ रही शिकायतों पर लिया निर्णय

मप्र के मैदानी जिलों में कार्यपालन यंत्रियों की ओर से बनाए जाने वाले सड़कों व भवनों की खराब गुणवत्ता, लेतलतीफी व गड़बड़ी पाए जाने के बाद भी ठेकेदारों को क्लीनचिट देने, उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों कुछ परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं ने ठेकेदारों को करोड़ों रुपए का लाभ पहुंचाया। इसे शासन को क्षति हुई। इसकी शिकायत एसीएस नीरज मंडलाई व प्रमुख अभियंता ईएनसी केपीएस राणा के पास पहुंची थी। इसके बाद इसकी जांच शुरू हुई तो हंगामा मचा। बताते हैं कि विभागीय मंत्री के सामने भी शिकायतें आ रही है। किंतु अब जाकर इसके लिए टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराने का निर्णय लिया गया। किंतु इसमें भी औपचारिकता करने की जानकारी मिली। हालांकि क्रॉस वेरीफिकेशन भी कराया जा सकता है। इस निरीक्षण से प्रदेश भर में हड़कंप मचा है।

### बाकी टीमों के निरीक्षण की यह स्थिति रही

*इंदौर परिक्षेत्र के बुरहानपुर में सीई सीपी सिंह व ग्वालियर क्षेत्र के सीई एसएल सूर्यवंशी को औचक निरीक्षण के लिए भेजा गया था। इस टीम ने एक-एक सड़कों का गहनता से निरीक्षण किया। जांच टीम को कई जगहों पर काफी अनियमितता मिली है। मुख्यालय को जांच व कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है। इस टीम ने तीन अलग अलग स्थानों पर औचक निरीक्षण किया है। जबलपुर परिक्षेत्र में नरसिंहपुर जिले में औचक निरीक्षण की जिम्मेदारी सीई संजय मस्के और जीएम तकनीकी भूपेंद्र सिंह को मिली थी। इस टीम ने हर जगह औचक निरीक्षण में सब कुछ ठीक पाया है। इस टीम को गड़बड़ी नहीं मिली। इस बारे में इस टीम के सदस्यों से बातचीत की कोशिश की गई, किंतु जवाब नहीं मिला। ग्वालियर परिक्षेत्र में गुना जिले में पांच सड़कों के औचक निरीक्षण की जवाबदारी सीई बीएस मीणा व सेतु परिक्षेत्र के सीई जीपी वर्मा को मिली थी। सूत्रों ने बताया कि यह टीम देर शाम तक महज तीन सड़कों का निरीक्षण ही कर पाई थी। टीम अब देर रात बैठकर रिपोर्ट तैयार करके मंत्रालय भेजेगी।*

---

## 8 मार्च से 11 मार्च तक यात्राएं होंगी प्रभावित

# नान-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते सिंगरौली एक्सप्रेस 8 को रद्द, कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में कटंगी खुर्द में नान-इंटरलाकिंग कार्य के कारण 8 मार्च से 11 मार्च तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ यात्री ट्रेनों को अस्थाई रूप से रद्द कर दिया गया है और कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

### निरस्त होने वाली ट्रेनें

- ट्रेन 22165 भोपाल - सिंगरौली एक्सप्रेस (08 मार्च को रद्द)
- ट्रेन 22166 सिंगरौली - भोपाल एक्सप्रेस (11 मार्च को रद्द)

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

- ट्रेन 18009 संत्रागाछी - अजमेर एक्सप्रेस (07 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी मुड़वारा होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 03397 धनबाद - नासिक एक्सप्रेस (07 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी साउथ होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 19414 कोलकाता - अहमदाबाद एक्सप्रेस (08 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी मुड़वारा होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 03998 नासिक - धनबाद एक्सप्रेस (09 मार्च 2025 को कटनी साउथ, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सोन नगर, गढ़वा रोड होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 18010 अजमेर - संत्रागाछी एक्सप्रेस (09 मार्च 2025 को कटनी मुड़वारा, सतना, गढ़वा रोड होते हुए चलेगी)

### दयोदय एक्सप्रेस 8 मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी

*उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के चलते 8 मार्च को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी। यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह वापसी में 9 मार्च अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी।*

---

# हाथ-पैर, पेट दर्द की शिकायत सुकमा में एक महीने में 8 मौतें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा**

छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक में पेट, पैर दर्द समेत चेचक की बीमारी से एक महीने में 8 ग्रामीणों की मौत हुई है। एक ग्रामीण ने मलेरिया से दम तोड़ा है। अब स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप लगाया है। पेड़ के नीचे लिटाकर बीमार मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है।

गांव में करीब 15 से 20 ग्रामीण अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित मिले हैं। दरअसल, यह मामला जिले के धनीकोड़ता गांव का है। 2-3 दिन पहले ही लक्कापारा निवासी 55 साल के वेल्ला लिंगा की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसे मलेरिया की शिकायत थी। लिंगा को सुकमा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले यह झाड़-फूंक करवा रहा था। ठीक नहीं हुआ तो अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई।

### गांव में लगा कैंप

*स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि इस गांव में पहले भी अलग-अलग बीमारी की वजह से ग्रामीणों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में आरएमओ समेत 4 स्टाफ नर्स के साथ एक मेडिकल कैंप लगाया। यह कैंप गांव में इमली पेड़ के नीचे लगाया।*

---

## कई लड़कियों का नहीं लगा सुराग, इनमें 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ कीं

# रोहतास के रेड लाइट एरिया से 45 नाबालिग बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सासाराम**

रोहतास में गुरुवार की सुबह रेड लाइट एरिया में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान नटवार बाजार स्थित एक रेड लाइट एरिया से 41 नाबालिग लड़कियां और 4 लड़के को बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान कई डांसर मौके से फरार हो गई, जिसकी तलाश की जा रही है। 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ की रहने वाली हैं।

वहीं, 4 लड़के बिहार के रोहतास के रहने वाले हैं। इसके साथ ही मौके पर से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बिहार के रहने वाले हैं, जो लड़कियों के परिवार से कॉन्टैक्ट रखते थे। लड़कियां पार्टी से जितना कमाती थीं, उस रकम से कुछ हिस्सा परिवार वाले को आरोपी दे देते थे। फिलहाल इन सभी से पूछताछ की जा रही है।

### 50 हजार में परिवार वालों ने बेचा



बाल कल्याण समिति के सदस्य गगन पांडे ने बताया कि ये सभी लड़कियां करीब 2 साल से इस दलदल में फंसी थी। किसी के माता-पिता 50 हजार की चाहत में उसे किसी और के साथ सोने को मजबूर कर दिया तो किसी के पेरेंट्स ने बच्चियों को दूसरे के सामने डांस करने के लिए मजबूर किया।

### बाल कल्याण समिति में पेश हुइ सभी नाबालिग

पुलिस ने नटवार थाना क्षेत्र से छुड़ाए सभी लड़के-लड़कियों को सासाराम स्थित बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया है। इस दौरान सभी नाबालिग बच्चों की उम्र और अन्य चीजों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे राज्यों से लाई गई थीं लड़कियां

*बाल कल्याण समिति के सदस्य गगन पांडे ने बताया कि सभी लड़कियां गरीब परिवार से आती हैं। इस वजह से संचालकों ने पैसों की लालच देकर लड़कियों को बुला लिया। कुछ लड़कियों को 50 हजार तो किसी को 30-40 हजार में खरीदा। धीरे-धीरे सभी लड़कियां पैसों की वजह से इस दलदल में आई हैं। मामले में रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के नटवार थाना क्षेत्र में दूसरे राज्यों से नाबालिग लड़कियों को लाकर डांस और गलत काम करवाया जाता है। पुलिस ने एनजीओ की मदद से छापा मारा है। 45 नाबालिग लड़के-लड़कियों को बचाया गया। उनकी उम्र और बाकी जानकारी की जांच की जा रही है। ये लोग दूसरे राज्यों से लड़कियों को लाते थे। उन्हें जबरदस्ती अलग-अलग कामों में लगाते थे।*

---

## स्थानीय निकायों को आय में वृद्धि पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

विभागीय बजट में 29 करोड़ से अधिक का प्रावधान

# राजस्व में बढ़ोतरी पर ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी आबादी 5 लाख से अधिक, उनके प्रथम आने पर मिलेंगे 4 करोड़ रुपए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मप्र में नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी विभिन्न बैठकों में नगर निगम महापौर और स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को अपनी निकायों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। इस वर्ष राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के लिए विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रोत्साहन योजना में आय में वृद्धि करने वाली नगरीय निकायों को पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उप कर एवं शिक्षा उप कर से प्रमुख रूप से आय होती है। इसके अलावा नगरीय निकायों को जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार, भूमि भवन किराया, बिल्डिंग परमिशन फीस से भी आय होती है।



### नगर परिषद में प्रथम आने पर सवा करोड़, द्वितीय पर 75 लाख

मप्र की ऐसी नगर परिषद जिनकी आबादी 25 हजार से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर एक करोड़ 25 लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर 75 लाख रुपए और तृतीय स्थान पर रहने पर 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश की 25 हजार से कम आबादी वाली नगर परिषदों को राजस्व आय वृद्धि में प्रथम स्थान पर आने के लिए 75 लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर आने के लिए 50 लाख रुपए और तृतीय स्थान पर आने के लिए 29 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। प्रत्येक वर्ग में 3-3 नगरीय निकायों का चयन किया जाएगा।

### आबादी के अनुसार प्रोत्साहन राशि

प्रदेश के ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी जनसंख्या 5 लाख से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर 4 करोड़, द्वितीय पर 2 करोड़ 50 लाख और तृतीय स्थान पाने पर एक करोड़ 50 लाख रुपए, जिन नगर पालिक निगम की जनसंख्या 5 लाख से कम है, उन्हें प्रथम स्थान पर आने पर 3 करोड़ रुपए, द्वितीय पर 2 करोड़ रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एक करोड़ रुपए, प्रदेश की ऐसी नगर पालिका परिषद, जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम है, उन नगर पालिका परिषद को आय वृद्धि पर पहले स्थान के लिए 2 करोड़ रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपए, तृतीय स्थान के लिए 75 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

### ई-नगर पालिका से प्राप्त आंकड़ों का किया जाएगा परीक्षण

नगरीय निकायों की राजस्व एवं गैर राजस्व आय का निर्धारित मापदंडों के अनुसार संचालनालय स्तर पर ई-नगर पालिका के विश्लेषण के बाद पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कृत राशि का उपयोग नगरीय निकायों के आधारभूत संरचना के विकास पर खर्च किया जाएगा।

---

खेत में पानी डालने गया था

# बिलासपुर में किसान पर टाइगर का हमला


**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के तखतपुर क्षेत्र में एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। घटना कठमुण्डा के तुरतुरिया खार में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे हुई। शिवकुमार जायसवाल (47) रबी फसल में पानी डालने के लिए खेत जा रहे थे। इसी दौरान पुलिया के पास से जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर जानवर भाग गया।

घायल किसान को पहले तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. शैलेंद्र शुक्ला ने टाइगर के हमले का अंदेशा जताया है। शिवकुमार गांव के राजू सिंह ठाकुर के खेत



को अधिया पर लेकर खेती करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेत में छिपे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। शिवकुमार कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा का कहना है किसी जंगली जानवर ने शिवकुमार को घायल किया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है।



# क्राइम-ड्रामा सीरीज से सौरव गांगुली करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली।** निर्देशक-निर्माता नीरज पांडे की नई वेब सीरीज खाकीः द बंगाल चैप्टर का ट्रेलर रिलीज किया गया। इस क्राइम ड्रामा की कहानी पश्चिम बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कई सितारों से सजी इस सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल टाइगर के नाम से जाने जाने वाले क्रिकेटर सौरव गांगुली भी नजर आ सकते हैं। नीरज पांडे ने इस बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताया, लेकिन उन्होंने मुस्कुराते हुए सवाल का जवाब दिया और कहा कि जहां तक सौरव का सवाल है, देखते रहिए। नीरज का सिर्फ इतना कहना ही अब इन लोगों के जेहन में सौरव की मौजूदगी को लेकर और भी उत्सुकता बढ़ा गया है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## 'आरसी 16' में फर्स्ट लुक आया सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने गुरुवार को अपना 28वां जन्मदिन मनाया। इस खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16' के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और अभिनेत्री जान्हवी की आगामी फिल्म 'आरसी 16' का पहला लुक सामने आया है।

यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म 'देवरा' थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम 'आरसी 16' रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में हैं, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'अनोरा' 37 दिन में हुई थी शूट

**नई दिल्ली।** अनोरा फिल्म की शूटिंग को 37 दिन में ही पूरा कर लिया गया था। हालांकि फिल्म के एक लंबे सीन को शूट करने में 10 दिन लग गए थे। यही नहीं, अनोरा से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा और भी है। फिल्म में युरा बोरिसोव और माइकी मेडिसन का एक लड़ाई का सीन है। इस सीन में जान डालने के लिए यूरा बोरिसोव ने माइकी से कहा था कि वह लड़ाई के सीन के दौरान उन्हें सही में मारेंगी। इस तरह सीन को पूरी तरह से नेचुरल रखने की कोशिश की गई।



# एड्रियन ब्रॉडी के लिए लकी है किस...

**नई दिल्ली।** साल 2025 यानी कि इस बार एड्रियन ने फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए ऑस्कर का बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीता। इस जीत के अलावा उनका किसिंग वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा में है। क्योंकि, यह वीडियो ऑस्कर के ऑफीशियल पेज पर शेयर किया गया है। इससे पहले उन्होंने 22 साल पहले भी रेड कार्पेट पर एक किस किया था जो की चर्चा में रहा था। साल 2003 में जब एड्रियन और हैल रेड कार्पेट पर मिले थे तो दोनों ने किस किया था। इस साल एड्रियन अपनी फिल्म द पियानिस्ट के लिए बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में नॉमिनेटेड थे और उन्होंने ये जीत अपने नाम की थी. अब जब दोबारा वो हैल से रेड कार्पेट पर मिले तो वो 22 साल पुराना मोमेंट दोहराया और एक बार फिर ये उनके लिए लकी चार्म साबित हुआ।



# 'मिर्जापुर की गोलू' अब बनाएंगी फिल्म

**नई दिल्ली।** मिर्जापुर फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया।




# 'टेस्ट' 4 अप्रैल को ओटीटी पर...

**मुंबई।** आर माधवन और नयनतारा की आगामी फिल्म 'टेस्ट' के ओटीटी रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा कर दी है। आर माधवन और नयनतारा की आगामी फिल्म 'टेस्ट' ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। गुरुवार को निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की स्ट्रीमिंग की तारीख की घोषणा कर दी। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। निर्माताओं ने इन दिनों स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का विकल्प चुनने वाली प्रमुख फिल्मों के बढ़ते चलन की वजह से डिजिटल प्रीमियर का विकल्प चुना है। एस. शशिकांत के निर्देशन में बनी फिल्म 4 अप्रैल से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह शशिकांत के निर्देशन की पहली फिल्म है। इससे पहले उन्होंने लोकप्रिय तमिल फिल्में 'तमीज पदम', 'विक्रम वेधा', 'इरुधि सुत्रु' और 'जगमे थंधीराम' का निर्माण किया है।

## टीवी मसाला



# 'मेड इन इंडिया- ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा बने नसीरुद्दीन

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर अपनी नई सीरीज 'मेड इन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' को लेकर चर्चा में है। इसमें नसीरुद्दीन शाह, जेआरडी टाटा का रोल निभाएंगे और जिम सर्भ जर्कसिस देसाई के रोल में नजर आएंगे। भारत के सबसे मशहूर और सम्मानित बिजनेसमैन में से एक रहे जेआरडी टाटा की पूरी कहानी अब एक सीरीज के रूप में देखने को मिलेगी। टाटा ग्रुप को भारत की सबसे प्रतिष्ठित कंपनियों में से एक बनाने वाले जेआरडी टाटा यानी जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा की जिंदगी पर 'मेड इन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' नाम से वेब सीरीज बनाई जा रही है। 'मेड इंन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा के रोल के लिए अनुपम खेर, कबीर बेदी, डैनी डेंग्जोपा, डेंजिल स्मिथ और सुरेश ओबेरॉय जैसे कई एक्टर्स रेस में थे। इनके नाम भी अमेजन एमएक्स प्लेयर को भेजे गए थे, पर नसीरुद्दीन शाह का नाम फाइनल किया गया है। 'मेड इंन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' में टाइटन ब्रांड के बनने की कहानी और जेआरडी टाटा की उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। लेकिन जर्क्सेस देसाई की कहानी भी दिखाई जाएगी, जिन्होंने टाइटन घड़ियों और तनिष्क जैसे ब्रांड की नींव रखी थी। चूंकि, जर्कसिस देसाई पारसी थे, इसलिए वेब सीरीज में उनका किरदार एक पारसी कलाकार निभाएगा। जर्कसिस देसाई के रोल के लिए जिम सर्भ को फाइनल किया गया है। ओटीटी कंपनी अमेजन एमएक्स प्लेयर चाहती थी कि जेआरडी टाटा वेब सीरीज में 75 के ऐज ग्रुप में दिखाया जाए। इसलिए, एक ऐसे कलाकार की तलाश थी, जो न सिर्फ उस एज ग्रुप का हो, बल्कि किरदार के साथ न्याय भी कर सके।

## 'झनक' में नवजात बच्चे पर लगाया गया रंग तो गुस्से से तिलमिलाए लोग...

**नई दिल्ली।** हिबा नवाब और कृशाल आहूजा का शो 'झनक' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि इस शो का प्रीमियर 2023 में हुआ था। तब से यह टीआरपी चार्ट पर छाई हुई है। फैंस इसकी कहानी और कास्ट की एक्टिंग दोनों को पसंद करते हैं। सबसे हालिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ जिससे लोग आक्रोश में आ गए हैं। अर्शी अनिरुद्ध के बच्चे की मां बनने वाली है। उसका एक्सीडेंट हुआ था और उसे गंभीर हालत में होने के बावजूद अस्पताल लाया गया था। वह बच्चे को जन्म देती है, लेकिन अर्शी की जान खतरे में है। झनक और अनिरुद्ध अर्शी को लेकर चिंता में हैं। चांदनी शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में चांदनी को बच्चे के जन्म के लिए अस्पताल में दिखाया गया है।



## 'डोरी 2' स्टारकास्ट से बातचीत...

# होली के रंग में भंग डालेगी 'राजनंदिनी'

**मुंबई।** कलर्स टीवी के चर्चित सीरियल 'डोरी 2' में इन दिनों लगातार ट्विस्ट पर ट्विस्ट आ रहे हैं। शो में 'डोरी' और 'मान' ने कॉन्ट्रैक्ट के तहत शादी कर ली है, जो 'राननंदनी' को रास नहीं आ रहा। जल्द ही शो में होली का त्योहार मनाया जाएगा, जिस बीच 'राजनंदनी' इस कॉन्ट्रैक्ट के पीछे का राज पता लगाने की कोशिश करेगी। सच जानने के लिए वह दोनों को भांग खिलाने वाली है। देखना होगा 'राजनंदनी' इस राज का पर्दा किस तरह उठाती है। बता दें, 'राजनंदिनी' का किरदार 'उतरन' और 'बिग बॉस 16' फेम श्रृजिता डे निभा रही हैं। हरिभूमि और आईएनएस 24X7 की टीम 'डोरी 2' के सेट पर पहुंची और सीरियल की लीड कास्ट प्रियांशी यादव और श्रृजिता डे से बातचीत की। बता दें, सीरियल 'उतरन' में श्रृजिता डे ने एक नेगेटिव किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। 'डोरी 2' सीरियल में भी उनका नेगेटिव रोल है। ऐसे में जब उनसे पूछा गया कि क्या नेगेटिव किरदार उन पर ज्यादा सूट करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया।



***नेगेटिव किरदार निभाने पर बोलीं श्रृजिता :*** 'नेगेटिव किरदार मुझ पर सूट करते हैं, इसलिए मैं इस बार भी ऐसा किरदार निभा रही हूं। मैं इसे एक कॉम्प्लिमेंट की तरह लेती हूं, क्योंकि नेगेटिव किरदार निभाना मुश्किल होता है। आपको काफी अलग तरह से सोचना होता है, क्योंकि असल जिंदगी में हम नेगेटिव किरदारों की तरह नहीं सोचते।' वहीं, 'पंड्या स्टोर' जैसे सीरियल में नजर आ चुकीं प्रियांशी से पूछा गया कि वह किस तरह के किरदार निभाना पसंद करेंगी। इस पर उन्होंने कहा कि वह हर तरह के किरदार निभाना चाहेंगी और उनके लिए पॉजिटिव या नेगेटिव किरदार का कोई फंडा नहीं है।

### बिग बॉस के बाद जिंदगी में क्या बदलाव आया?

'बिग बॉस 16' में नजर आ चुकीं श्रृजिता ने बताया 'बिग बॉस के बाद बाहरी दुनिया के साथ-साथ मेरी पर्सनल लाइफ में भी काफी बदलाव आए हैं। अब मैं खुद को ज्यादा समझदार महसूस करती हूं, मेरा पेशेंस बढ़ा है, क्योंकि वह घर आपको बहुत कुछ सिखाता है। घर से मैं ज्यादा मैच्योर और सेंसिबल बनकर बाहर निकली, जो शायद मुझे अपने बारे में पहले नहीं पता था। अंदर से बहुत से बदलाव आए, जो मेरे लिए जरूरी थे।' 'डोरी 2' कलर्स पर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे प्रसारित होता है।

# *अमिताभ के साथ झगड़े के लिए शत्रुघ्न ने रेखा को ठहराया जिम्मेदार, किया था बड़ा खुलासा*

***नई दिल्ली।*** *शत्रुघ्न सिन्हा अपने सख्त बयानों के लिए जाने जाते हैं। वह कई चीजों पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने साल 2016 में छपी अपनी बायोग्राफी में कई चीजों को बहुत ईमानदारी से लिखा है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बायोग्राफी में अमिताभ बच्चन के बारे में बात की है। उन्होंने बच्चन के साथ अपने झगड़े की वजह रेखा को बताया है। इसी बायोग्राफी में उन्होंने रीना रॉय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताया है।*



### *रेखा की वजह से जुदा हुआ अमिताभ शत्रुघ्न*

*शत्रुघ्न सिन्हा ने अमिताभ के साथ अपने झगड़े के लिए अप्रत्यक्ष रूप से रेखा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा 'काला पत्थर की शूटिंग के दौरान एक नामी अभिनेत्री के साथ उनके बहुत दोस्ताना रिश्ते थे, वह उनके यहां जाया करती थीं। लेकिन वह एक बार भी उसे बाहर नहीं लाए और हममें से किसी से भी उसका परिचय नहीं कराया। इंडस्ट्री में सबको पता था कि कौन कहां जाता है। जब रीना मेरे मेकअप रूम में होती थीं तो सबको पता चल जाता था। इस तरह की चीजें कभी नहीं छिपती हैं।'*

### *20 सालों तक एक -दूसरे से नहीं की बात*

*एक इंटरव्यू में सिन्हा ने रेखा के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने माना कि उनकी सोच अलग थी जिसकी वजह से उन्होंने एक दूसरे से 20 सालों तक बात नहीं की। उन्होंने अपनी बीवी पूनम सिन्हा की वजह से सुलह कर लिया। शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद माना कि उन्होंने रेखा पर कई बार जबानी हमले किए, इसके बावजूद रेखा ने उनके बारे में कुछ भी नाकारात्म नहीं कहा।*

### शत्रुघ्न के परिवार से रेखा के हैं करीबी रिश्ते

*आज की तारीख में रेखा के शत्रुघ्न सिन्हा के परिवार के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। हाल ही में वह न सिर्फ सोनाक्षी सिन्हा की शादी में पहुंचीं बल्कि वह शत्रुघ्न सिन्हा की जन्मदिन की पार्टी में उनके घर पर गई थीं।*

## 14 मार्च को 'द डिप्लोमैट' हो रही रिलीज, इसमें पाकिस्तान में फंसी लड़की की दिखाई गई है कहानी

# पाकिस्तान में फंसे भारतीय लोगों पर बनी हैं ये फिल्में

***नई दिल्ली।*** *14 मार्च को जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई गई है जो कि भारतीय है और पाकिस्तान में फंस गई है। हालांकि यह पहली फिल्म नहीं है जो पाकिस्तान में फंसे भारतीयों की कहानी के बारे में बताती है। इससे पहले भी कई फिल्मों ने पाकिस्तान में फंसे भारतीयों की कहानी को दिखाया है।*





**गदर 2 :** अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'गदर 2' फिल्म अगस्त 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल, सिमरत कौर और उत्कर्ष शर्मा ने अहम किरदार निभाया था। फिल्म की कहानी भारत पाकिस्तान के 1971 के जंग के दौरान की है। फिल्म में तारा सिंह का बेटा पाकिस्तान में फंस जाता है। इसे वापस लाने के लिए तारा सिंह पाकिस्तान जाते हैं और अपने बेटे को वापस लाते हैं।

**सरबजीत :** यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित थी। फिल्म का निर्देशन ओमुंग कुमार ने किया था। इसमें रणदीप हुड्डा और ऐश्वर्या राय अहम भूमिका में थे। फिल्म में सरबजीत की कहानी दिखाई गई थी जो 1991 में पाकिस्तान में धोखे से चले जाते हैं और उन्हें पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुनाता है। तमाम कोशिशों के बावजूद सरबजीत भारत वापस नहीं आ पाते।



**राजी :** इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसमें आलिया भट्ट और विक्की कौशल ने अहम किरदार अदा किया है। इसमें एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई गई है जो भारत से पाकिस्तान में जासूसी करने जाती है। लेकिन वहां फंस जाती है। लड़की को भारत में लौटने के लिए बहुत दिक्कत होती है।





**वीर जारा :** यह फिल्म 2004 में आई थी। इसका नर्देशन यश चोपड़ा ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी अहम किरदार में थे। यह फिल्म भी एक सच्ची घटना पर आधारित थी। भारतीय वायु सेना के अफसर को पाकिस्तान के राजनीज्ञ की बेटी से प्यार हो जाता है। ऐसे में वीर प्रताप सिंह को गलत इल्जाम में जेल हो जाती है। उन्हें 22 सालों तक कैद रखा जाता है।

# जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स एवं अन्नपूर्णा फूड्स ने बनाया संयुक्त उद्यम जीईएफ फूड्स



**हैदराबाद।** जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड, भारत की नंबर 1 सूरजमुखी तेल कंपनी जिसकी संपूर्ण भारतीय बाजार में 21.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है (फ्रीडम एंड बी-राइट) और कोयंबटूर स्थित श्री अन्नपूर्णा फूड्स, जो देश के सबसे पुराने मसाला प्रसंस्करण ब्रांडों में से एक है, ने मसाले, मील मिक्स और बहुत कुछ बनाने और वितरित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम ''जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'' का गठन किया है।

पिछले कुछ वर्षों में, श्री अन्नपूर्णा फूड्स को अब क्षेत्रीय व्यंजनों के सर्वोत्तम स्वाद मिल गया है और देश भर से घर में पकाए गए भोजन की शुद्धता, समृद्धि, प्रमाणिकता और पारंपरिक तकनीकों को प्लेटों तक ला रहा है। उनके विशेष उत्पादों में शुद्ध मसाले, क्षेत्रीय मिश्रण, मिश्रित मसाले और बिरयानी मसाले शामिल हैं। जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के अक्षय चौधरी, उपाध्यक्ष-समूह ने कहा, ''हम श्री अन्नपूर्णा फूड्स के साथ मिलकर और जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च करके रोमांचित हैं। हमारे दोनों संगठन व्यवसायिकता के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं और ग्राहकों को खाना पकाने और खाने का स्वादिष्ट अनुभव देना चाहते हैं, साथ ही हमारी समृद्ध पाक कला का आनंद भी लेना चाहते हैं।''

जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया अपनी विविधीकरण रणनीति के तहत जीईएफ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से मसाला कारोबार में प्रवेश कर रही है। बिक्री व विपणन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा, ''श्री अन्नपूर्णा फूड्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है और उपभोक्ताओं के विभिन्न स्वादों को पूरा करने वाले मसालों की संपूर्ण श्रृंखला के साथ उपलब्ध है। 50 वर्षों के अनुभव के साथ, अन्नपूर्णा मसाले और मसाले एक समृद्ध विरासत रखते हैं। यह संयुक्त उद्यम जीईएफ इंडिया के गहन बाजार ज्ञान और वितरण नेटवर्क से लाभान्वित होगा और अन्नपूर्णा मसालों को अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद करेगा।'' श्री अन्नपूर्णा फूड्स के मैनेजिंग पार्टनर और जीईएफ फूड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विजय प्रसाद ने कहा, ''हम उपभोक्ताओं को स्वस्थ एवं स्वादिष्ट मसाले देने के लिए जीईएफ इंडिया बढ़ती पाक कला, स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरुकता और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के उदय के साथ, जैविक और प्रीमियम मसालों की मांग बढ़ रही है। ब्रांड अन्नपूर्णा हमेशा से गुणवत्ता का पर्याय रहा है, और हम गुणवत्तापूर्ण सोर्सिंग और पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग पहलों पर जोर देकर इसे और आगे बढ़ाना चाहते हैं।''

# 'भाबीजी घर पर हैं' के 10 सालः कलाकारों ने मनाया जश्न



**देहरादून।** एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं!', जिसे संजय और बिनैफर कोहली ने एडिट 2 के तहत प्रोड्यूस किया है, ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वर्ष 2015 में अपने प्रीमियर के बाद से, यह शो हास्य, मजेदार डायलॉग्स और यादगार किरदारों के साथ पसंदीदा बन चुका है। आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी), शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) जैसे कलाकारों की कॉमिक टाइमिंग और दमदार परफॉर्मेंस ने इसे हर घर की पसंद बना दिया है। इस सफर का जश्न मनाने के लिए, कलाकारों और क्रू मेंबर्स ने देहरादून की वादियों में समारोह आयोजित किया, जहां उन्होंने शो की 10वीं सालगिरह पर केक भी काटा। इस खास अवसर पर, पूरी टीम ने शो से जुड़े यादगार पलों के बारे में बात की और दिल से आभार जताया। माहौल खुशी, खूबसूरत यादों और दर्शकों के बेइंतहा प्यार से सराबोर था, जिन्होंने इस शो को पूरे 10 साल तक अपना भरपूर प्यार दिया। निर्माता बिनैफर कोहली ने कहा, ''इस मुकाम तक पहुंचना हमारे लिए गर्व और भावनाओं से भरा पल है। 'भाबीजी घर पर हैं!' का सफर अविश्वसनीय रहा है और यह संभव हुआ है हमारे प्रतिभाशाली कलाकारों, मेहनती क्रू और सबसे बढ़कर, हमारे दर्शकों के अटूट समर्थन की बदौलत। यह शो हमारे दिल के बहुत करीब है और 10 साल पूरे करना इस बात का प्रमाण है कि यह लाखों प्रशंसकों के दिलों में बसा है। आसिफ शेख, जो शो में प्यारे और शरारती विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''यह सच में किसी जादुई सफर से कम नहीं है! पूरे दस साल तक विभूति का किरदार निभाना मेरे लिए एक अनमोल अनुभव रहा है। जिस किरदार को मैं निभा रहा हूँ, उसने लाखों चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है और लोगों को हंसाया है। यहां हम अपनी आने वाली प्रोजेक्ट की शूटिंग भी कर रहे हैं। शुभांगी अत्रे, जिन्होंने मासूमियत और प्यारी अदाओं से अंगूरी भाबी के रूप में दर्शकों का दिल जीत लिया है, ने कहा, ''अंगूरी भाभी मेरे दिल के करीब हैं। उनकी सादगी और उनका मशहूर डायलॉग 'सही पकड़े हैं' अब सिर्फ एक लाइन नहीं, बल्कि दर्शकों के लिए एक एहसास बन चुका है। इतने सालों से इस शो का हिस्सा होना मेरे लिए एक खूबसूरत सफर रहा है। मनमोहन तिवारी का मजेदार किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने कहा कि तिवारी जी का किरदार निभाना शानदार सफर रहा है, जो हंसी, खुशी और सीख से भरा हुआ है।




## नथिंग ने 2 फ़ोन प्रो सीरीज लॉन्च की

**मुंबई।** नथिंग फोन कंपनी ने एडवांस फीचर्स के साथ अपने नए फ़ोन (3ए) सीरीज़ पेश की। बहु-चर्चित फ़ोन (2ए) पर आधारित, इस फोन में ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार स्नेपड्रेगन आर प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज़्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और आवश्यक स्पेस जैसे नथिंग ओएस नवाचार ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं।

## सेंसोडाइन ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**मुंबई।** सेंसोडाइन ओरल केयर ब्रांड ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27 हजार से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया।

SENSODYNE

यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा।

## सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

**मुंबई।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा।

# 8 साल बाद बच्ची ने सुनी पिता की आवाज, पलभर के लिए स्तब्ध, फिर कहा जाति प्रमाणपत्र बनवा दो पापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य बाल संरक्षण आयोग में सुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जो लोगों को भावुक कर गया। 8 साल बाद एक बच्ची को उसके पिता ने बाल आयोग के कहने पर फोन लगाया और कहा कि बेटा मैं तेरा पापा बोल रहा हूं। जीवन में पहली बार पिता की आवाज सुनकर नन्ही बच्ची थोड़ी देर के लिए स्तब्ध हो गई। उसे विश्वास ही नहीं हुआ, जन्म से लेकर अब तक जिस पापा को न कभी उसने देखा, न उसके बारे में कभी सुना, वो उनसे फोन पर कह रहे मैं तेरा पापा बोल रहा हूं। फिर धीरे से बोली पापा मेरा जाति प्रमापपत्र बनवा दो स्कूल में मैडम मुझे बहुत डांटती है। पिता गजेन्द्र ने बच्ची को भरोसा दिलाया कि होली पर वह उससे मिलने आयेगा। बच्ची ने पापा से कहा, अच्छे-अच्छे कपड़े और बहुत सारा पैसा लाना। दरअसल, गजेन्द्र नवरंग विवाह के कुछ महीनों बाद से आपसी दुराव के कारण अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। उनकी 8 वर्षीय बेटी निकिता ने अपने पिता को देखा ही नहीं। खपरी निवासी निकिता की मां संध्या नवरंग ने राज्य बाल संरक्षण आयोग में आवेदन लगाया कि उनकी बेटी का जाति प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है, क्योंकि उसके पिता गजेन्द्र नवरंग विवाह के कुछ माह बाद से ही अलग रह रहे हैं। आवश्यक दस्तावेज देने में सहयोग नहीं कर रहे। इससे बच्ची की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

आयोग ने इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लिया और इसे पंजीकृत किया। बाल संरक्षण आयोग के सोनल कुमार गुप्ता ने बताया कि आयोग की सुनवाई के दौरान ऐसा मार्मिक दृश्य आया कि इसे याद कर मन भावुक हो जाता है।

**खास बातें**

- पति-पत्नी के आपसी विवाद में बच्चों का बालपन प्रभावित
- राज्य संरक्षण बाल आयोग में अनूठा मामला, सुनवाई के दौरान सभी को किया भावुक



### पति-पत्नी के विवाद में नन्ही बच्ची का क्या दोष

किस तरह पति-पत्नी के आपसी मन-मुटाव का असर बच्चों के जीवन पर पड़ता है। आयोग ने इस मामले को प्रमुखता से लेते हुए थाना प्रभारी मुजगहन के माध्यम से बच्ची निकिता के पिता गजेन्द्र को नोटिस जारी कर उपस्थित होने का निर्देश दिया। 3 मार्च 2025 को गजेन्द्र अपने अधिवक्ता के साथ सभी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि लेकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ। सुनवाई के दौरान पीठासीन सदस्य सोनल गुप्ता ने गजेन्द्र को फटकार लगाते हुये कहा कि एक पिता होते हुए भी अपनी बच्ची की जरूरत को क्यों नजर अंदाज कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पति-पत्नी के विवाद में नन्ही बच्ची का क्या दोष। बच्चों के अधिकार का हनन आयोग स्वीकार नहीं करेगा। गजेन्द्र ने स्वीकार किया कि उसने अब तक अपनी बेटी से मुलाकात नहीं की। आयोग चकित रह गया और फिर निकिता के पिता को अपनी बेटी से फोन पर बात करने के लिए कहा गया। पीठासीन सदस्य सोनल गुप्ता ने पिता-पुत्री के फोन पर वार्तालाप को वीडियो में रिकार्ड किया। इस तरह बाल आयोग के प्रयास से एक बच्ची को उसका पिता मिल पाया।

# फेसबुक पर हुई दोस्ती प्यार में बदली, थाने में शादी

**हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद मिलन**



**पटना।** बिहार के जमुई जिले के बरहट थाना परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद एक प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। फेसबुक पर हुई दोस्ती प्यार में बदली और जब लड़के के घरवालों ने दूसरी जगह शादी तय कर दी, तो प्रेमिका ने थाने पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को बुलाया, लंबी बहस चली, और फिर आखिरकार थाने के बजरंगबली मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। बरहट थाना क्षेत्र के भूदानपूरी गांव के संदीप मांझी लखीसराय के एक कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे। फेसबुक पर उनकी दोस्ती मटिया मोहनपुर गांव की सुहाना कुमारी से हुई। बातचीत बढ़ी, मोबाइल नंबर बदले, और धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार गहरा हो गया। करीब एक साल तक दोनों का प्रेम-प्रसंग चलता रहा।

### हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद हुई शादी

जब संदीप के घरवालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी, तो सुहाना को यह मंजूर नहीं हुआ। उसने सीधे बरहट थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई और संदीप से शादी की इच्छा जताई। थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने दोनों पक्षों को बुलाया, जिसके बाद थाने में जमकर बहस हुई।

# डीआरडीओ ने तेजस के जीवन रक्षक सिस्टम का अधिकतम ऊंचाई से किया सफल परीक्षण

**रक्षा मंत्री ने दी संगठन, वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के लिए एकीकृत जीवन रक्षक सिस्टम (आईएलएसएस) का अधिकतम ऊंचाई से सफल परीक्षण किया है। यह स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) पर आधारित एक अत्याधुनिक प्रणाली है। जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके बाद पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और रक्षा क्षेत्र के उद्योग जगत को बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की वचनबद्धता को सशक्त करती है। सही मायनों में यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी। मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा विकसित तेजस प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान से किया गया। जिसमें विमान की क्षमता को समुद्रतल से 50 हजार फीट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों पर परखा गया।

### सभी मापदंडों पर खरा उतरा सिस्टम

मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण के दौरान प्रणाली ने सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) से उड़ान की मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मूल्यांकन में शामिल किए गए पहलुओं में ऑक्सीजन सांद्रता, डिमांड ब्रीथिंग, 100 फीसदी ऑक्सीजन की उपलब्धता, एंटी-जी-वाल्व के पूर्ण कार्यात्मक परीक्षण के लिए आवश्यक ऊंचाइयों पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और रीजॉइन एप्रोच तथा लैंडिंग के दौरान ब्रीथिंग ऑक्सीजन सिस्टम चालू करना मुख्य हैं।

# द्विपक्षीय संबंधों सहित यूक्रेन बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक हालातों के बीच ब्रिटेन के चेवनिंग हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम-एशिया, राष्ट्रमंडल सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई। जयशंकर ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों में चेवनिंग हाउस ब्रिटेन के विदेश मंत्री के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई।

**ब्रिटेन के चेवनिंग हाउस में जयशंकर-लैमी की बैठक**

इस दौरान हमने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की। वार्ता के दौरान रणनीतिक समन्वय, राजनीतिक सहयोग, व्यापार समझौते की बातचीत, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, गतिशीलता और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया। हमने उन्हें और मजबूत बनाने और संरचना देने के लिए अगले कदम तैयार करने पर सहमति जताई।

### स्थिरता, समृद्धि में संबंधों का योगदान

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री से बातचीत में हमने यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम एशिया की स्थिति, राष्ट्रमंडल के साथ ही क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में भारत और ब्रिटेन संबंध स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते हैं।

# अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू

एजेंसी ▶▶| जम्मू

दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में निर्णय राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। प्रवक्ता ने कहा, इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों - अनंतनाग जिले में पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग के रास्ते एक साथ शुरू होगी। नौ अगस्त को रक्षा बंधन पर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में श्राइन बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा। बैठक में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों के केंद्रों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों का मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मुहैया कराने के उपायों पर चर्चा की है।

**3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ**

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

फायनेंस
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 7042858951 (रायपुर /08/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## राशिफल

**मेष:** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष:** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5799



■ मंगल सेनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -5798 का हल**



## सूडोकू बवाल - 5809

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 5808 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग को लिखा था पत्र

प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में आदेश का करना होगा पालन

# स्कूल शिक्षा विभाग के कड़े निर्देश, बच्चों को शारीरिक दंड दिया तो होगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि, जबलपुर

स्कूलों में बच्चों के साथ अभद्र और शारीरिक प्रताडन्ना के मामले सामने आने के बाद मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गंभीरता से संज्ञान लिया। इसे लेकर आयोग ने स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखा, जिसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। जारी निर्देश के अनुसार अब मध्य प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट या किसी भी तरह की शारीरिक सजा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

निर्देशों का पालन नहीं होने की स्थिति में शिक्षक और अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए ऐसी हालत में कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही ऐसे मामलों की रिपोर्ट भी देने के लिए कहा गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार विभाग ने स्कूली बच्चों के साथ स्कूल परिसर में शारीरिक दंड पर पूर्ण प्रतिबंध और कड़ी कार्रवाई संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इसको लेकर 4 फरवरी को स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था।

### अब लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश भर के डीईओ को लिखा पत्र



**शारीरिक-मानसिक प्रताडन्ना अपराध**

अपर संचालक, डीपीआई ने कहा है कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 17 (1) में शारीरिक मानसिक प्रताडन्ना और भेदभाव प्रतिबंधित है। साथ ही धारा 17 (2) के तहत दंडनीय अपराध है। भादसं की धारा 323 के तहत शारीरिक दंड भी प्रतिबंधित है। इसलिए प्रदेश के सभी जिलों में संचालित सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों को शारीरिक दंड देने की घटनाओं की पहचान करने और रोक लगाने उचित कदम उठाए जाएं। इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं कि किसी स्कूल या शिक्षक द्वारा शारीरिक दंड देने के मामले में तत्काल कार्रवाई कर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाए।

## साढ़े 3 लाख के 17 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और बरेला पुलिस ने गत शाम नरसिंह मंदिर पुलिया के पास मंडला रोड बरेला में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17 किलो 176 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 45 हजार रुपए बताई गई है। बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि क्राईम ब्रांच और बरेला पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान गत शाम लगभग 6.20 बजे बम्बादेवी मंदिर के पास घमापुर निवासी 22 वर्षीय सागर उर्फ गोपाल धारकर और पानी की टंकी के पास बेलबाग निवासी 26 वर्षीय रवि महोबिया वाहन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से 17 किलो 176 ग्राम गांजा जब्त कर उनके विरूद्ध थाना बरेला में धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया है।

# परीक्षा समाप्त होने पर होली खेलकर नहाने गए दोस्त डूबे

## तालाब में डूबे वैभव और पवन की लाश मिली

हरिभूमि ,जबलपुर।

कोतवाली थाना अंतर्गत गोपालबाग तालाब में बुधवार को कक्षा आठवीं में अध्ययनरत तमरहाई स्कूल के दो बच्चें परीक्षा समाप्त होने के उपरांत होली का रंग छुड़ाने गए थे, जहां डूब गए। देर रात इस घटना का पता चलने पर पुलिस और क्षेत्रीय विधायक मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन कराए। रात में अंधेरे के कारण रेस्क्यू करने में परेशानी हुई, गुरुवार की सुबह जहां छात्र वैभव कोरी की लाश मिल गई थी, वहीं देर शाम दूसरे छात्र पवन कोरी की लाश भी पुलिस को मिल गई। दोनों पक्के दोस्त थे। कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि सिंधी कैम्प निवासी दोनों बच्चे कक्षा आठवीं का आखिरी पेपर देकर छुट्टी होने के बाद बाहर निकले और बच्चों ने होली खेली संभवतः गुलाल गेरू मिट्टी में भिड़े बच्चों ने गोपालबाग तलैया में नहाकर और कपडे साफ करने का फैसला लिया, ताकि घर में परेशानी न हो और डांट न पड़े, और नहाने के लिए तलाब में उतरे होंगे और इसी दौरान तालाब के गहरे पानी में डूब गए। तालाब के घाट पर बच्चों के जूते और कपड़े रखे दिखे लेकिन बच्चें नहीं आए तो कोतवाली और गोहलपुर पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पांडे, थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार, और होमगार्ड के गोताखोर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया।




रात में अंधेरा होने और तालाब में चोई के साथ अधिक मात्रा में कचरा होने के कारण रेस्क्यू में परेशानी हुई और गुरुवार को फिर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया, लगभग 14 घंटे बाद एक छात्र 14 वर्षीय वैभव कोरी की लाश तलाब से बाहर निकाली गई, जबकि दूसरे छात्र पवन की तलाश जारी रहे, जिसकी लाश देर शाम मिली। पूरी रात और दिन बच्चों के परिजन घटनास्थल पर मौजूद रहे। रो रोकर उनका बुरा हाल रहा। पुलिस ने वैभव और पवन के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# बादलों के छटते ही पारा दहाई के नीचे

## ठंड ने किया पलटवार, चली शीतल बयारें

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होते ही पारा एकदम से नीचे आया और ठंड लौट आई। मंगलवार की रात से मौसम में बदलाव आया। पिछले दो दिनों से दिन में और रात में शीतल हवाएं चलती रही। उत्तर भारत में हुई बर्फबारी ने मौसम में ठंडक घोल दी। मौसम विभाग का कहना है कि दो दिन बाद फिर पश्चिमी विक्षोप सक्रिय हो रहा है जिससे तापमान में वृद्धि होगी और 12 मार्च के आसपास विक्षोप का प्रभाव कम होगा और फिर ठंड पड़ेगी, लिहाजा इस बार होली में ठंड बरकरार रहेगी।



मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसारपिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 09.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 06 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 37 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी पश्चिमी हवाओं की रफ्तार 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.25 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 6.16 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 34 डिग्री तापमान खरगौर और सबसे कम 6 डिग्री तापमान सजापुर और शहडोल जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.7 और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

**स्पा सेंटर की कर्मचारी युवती ने ओमती थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

# देह व्यापार के अड्डे बन चुके स्पा सेंटर

जबलपुर।

शहर में चल रहे स्पा सेंटरों में मसाज के नाम पर देह व्यापार की खबरे पिछले दिनों सुर्खियों में रही। लेकिन इस बार इस मामलें में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब चौथा पुल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में काम करने वाली असम की युवती ने खुद यह शिकायत थाने में दर्ज कराई कि उसने गलत काम करने से मना किया तो उसे नौकरी से निकाल दिया और उसकी सैलरी भी नहीं दी गई। इधर दूसरी ओर ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि युवती ने अपनी सैलरी न मिलने की शिकायत की थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम को स्पा सेंटर भेजा गया, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दरअसल बुधवार की रात एक 30 वर्षीय युवती ने ओमती थाने में एक स्पा सेंटर के मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि जबलपुर के अधिकांश स्पा सेंटरों में मसाज के नाम पर देह व्यापार चल रहा है। यहां बड़े-बड़े लोग आते हैं और पैसा खर्च करके मसाज के नाम पर कई घंटे बिताते हैं। जब भी पुलिस कार्रवाई के लिए आती है, तो स्पा सेंटर के संचालकों को पहले से ही इसकी जानकारी मिल जाती है, जिसके चलते वे किसी भी तरह की कार्रवाई से बच जाते हैं। युवती ने बताया कि उसने एक सप्ताह पहले ओमती थाना अंतर्गत चौथा पुल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में काम करना शुरू किया था। लेकिन मालिक ने कहा कि, "तुम काम नहीं कर रही हो, तो तुम्हें सैलरी कैसे दी जाए? युवती ने बताया कि उसे 20 हजार रुपए प्रतिमाह की सैलरी पर रखा गया था, लेकिन एक सप्ताह बाद उसे यह कहकर निकाल दिया गया कि उसका काम ठीक नहीं है। जब युवती ने विरोध किया, तो उसे वहां से भगा दिया गया।



युवती का आरोप है कि स्पा सेंटर में लड़कियों को जबरन देह व्यापार के धंधे में धकेला जाता है, और जो मना करती हैं, उन्हें इसी तरह से नौकरी से निकाल दिया जाता है। युवती का कहना है कि जबलपुर के लगभग सभी स्पा सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं। यदि पुलिस कार्रवाई करने भी आती है, तो दूर-दूर तक लगे कैमरों में उनकी हरकतें रिकॉर्ड हो जाती हैं। जैसे ही पुलिस टीम आती हुई दिखती है, सभी लड़कियों को तुरंत वहां से गायब कर दिया जाता है।



Toll Free Number: 1800 266 0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant & Xtreme 160R 2V in Madhya Pradesh. ***Basis data available in the public forum for products in 160cc Motorcycle segment. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc and 160cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**
अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: वंदिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, वंदिका हीरो 9289923108, शहडोल: किशोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोसिएट डीलर: सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, बैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मऊगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साईं ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , नतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बड़ी: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिद्धि ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
FCP INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240